बिलासपुर, सोमवार 20 अक्टूबर 2025

# बिलासपुर भूमि

हरिभूमि

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

**खबर संक्षेप**

### दीपावली की खुशी दोगुनी 216 जेई हो गए नियमित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने जनवरी में सीधी भर्ती के माध्यम से कनिष्ठ यंत्री की पदस्थापना की थी। 10 माह बाद सभी जेई को नियमित करते हुए नवीन पदस्थापना दी है। सीएसपीडीसीएल ने हाल ही में भर्ती सभी जेई को नियमितीकरण का उपहार दिया है। दीपावली से पहले कनिष्ठ यंत्रियों की खुशिया दोगुनी हो चुकी है। नियमिति करने के साथ ही इन यंत्रियों को नवीन पदस्थापना भी दी गई है। जिले में 30 से अधिक कनिष्ठ यंत्री कार्यरत है जबकि पदस्थापना के दौरान 226 लोगों को नियुक्ति दी गई थी, इसमें से 216 को नियमित किया गया है। इसके लिए विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। खास बात यह है कि कनिष्ठ यंत्रियों को 6 माह के परिवीक्षा अवधि पूरी करने के बाद नियमित किया गया है, इससे पहले सभी का अप्राइजल परीक्षा भी ली गई थी।

### सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 30 तक

**बिलासपुर।** सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी एनटीए की आधिकारिक वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट इन या exams.nta.ac.in/sanik-school-society पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

# देवकीनंदन से गांधी चौक व पुराना बस स्टैण्ड से वाल्मिकी चौक तक तीन व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित

## शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने 200 से अधिक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी व जवान तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोमवार दीपावली के दिन देवकीनंदन से गांधी चौक व पुराना बस स्टैण्ड से वाल्मिकी चौक तक तीन व चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस दौरान केवल दो पहिया वाहन सवारों को प्रवेश दिया जाएगा।

ट्रैफिक एडीशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने बताया कि सोमवार को दीपावली पर्व में खरीददारी के लिए उमड़नेवाली भीड़ को देखते हुए शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए शहर के अलग अलग चौक चौराहों, प्रमुख मार्गों पर 200 से अधिक ट्रैफिक के अधिकारियों व जवानों की ड्यूटी लगाई है। इस दौरान ट्रैफिक का दबाव अधिक होने से देवकीनंदन से गांधी चौक व पुराना बस स्टैण्ड से तेलीपारा, कोतवाली चौक से वाल्मिकी चौक तक तीन व चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस क्षेत्र में खरीददारी करने आने वाले तीन व चापहिया वाहन सवारों के लिए लालबहादूर शास्त्री स्कूल, हैप्पी स्ट्रीट, रिवरव्यू, बाजपेयी मैदान, कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग, सरकण्डा क्षेत्र में निर्माणाधीन रिवरव्यू में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसी तरह मुंगेलीनाका ग्रीनपार्क मैदान में पटाखा दुकान लगने से ट्रैफिक का दबाव अधिक होने पर शेफर्ड स्कूल व मंगला चौक से तीन व चार पहिया वाहनों को डायवर्टेड मार्ग से निकलना होगा।



### अवैध पार्किंग बनी समस्या

एक ओर बाजारों में खरीददारों की भीड़ उमड़ रही है, वहीं दूसरी ओर वाहनों की अवैध पार्किंग बड़ी समस्या बनी हुई है। मुंगेली नाका, बृहस्पति बाजार, सदर बाजार, गोल बाजार, शनिचरी बाजार, लिंक रोड, पुराना बस स्टैण्ड से लेकर सरकंडा व अन्य इलाकों में सड़कों के किनारे फुटकर व्यापारियों ने दुकानें खोल ली हैं, इन दुकानों में सामान खरीदने पहुंचने वाले लोग अपने वाहन सड़कों पर ही खड़े कर देते हैं, दो और चार पहिया वाहन सड़कों पर खड़े होने से लगातार टैफिक जाम होता है। पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी वाहनों को हटाती है, परन्तु कुछ ही देर में स्थिति जस की तस हो जाती है।

## आपातकालीन स्थिति में इन नंबरों पर करें संपर्क

**बिलासपुर।** दीपावली रोशनी और खुशहाली का त्योहार है लेकिन कई बार इन दिनों में लापरवाही बरतना लोगों के लिए भारी पड़ जाता है। जिसे देखते हुए प्रशासन भी चॉक चौबंद व्यवस्था कर चुका है। सरकारी अस्पताल, पुलिस और बिजली विभाग की टीम 5 दिवसीय पर्व के दौरान पूरी क्षमता के साथ ड्यूटी करेगी। इस दौरान अधिकारियों की ड्यूटी रोस्टर जारी की गई है। आपातकालीन स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त स्टाफ भी तैनात की गई है।

चिकित्सकीय सुविधाओं को लेकर सिम्स ने आपातकालीन विभाग की नंबर जारी किया है। सिम्स में दूरभाष क्रमांक 7587486407 और 222301 में संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह जिला अस्पताल में 07752 465272 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। बिजली विभाग द्वारा एई, जेई और लाइन स्टाफ के लिए रोस्टर जारी किया गया है। इसके साथ ही फ्यूज कॉल सेंटरों में लोगों को सुविधा मिलेगी। बिजली बंद के दौरान गोलबाजार जोन 07752403586, इंदू चौक 8871581532, कोनी 9425532398, पीजीबीटी 07752427040, नेहरू नगर 07752427023, राजकिशोर नगर 07752240033, सरकंडा 6232047137 में संपर्क किया जा सकता है।

# दीपावली पर सिम्स में मिलेगी इलाज की सुविधा, प्रबंधन ने लगाई ड्यूटी

**बिलासपुर।** दीपावली पर्व पर सिम्स अस्पताल में चिकित्सकीय व्यवस्था बेहतर करने के लिए सिम्स प्रबंधन ने डॉक्टर और स्टाफ की ड्यूटी रोस्टर तैयार कर ली है। 18 से 21 अक्टूबर के बीच अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को समय पर पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधा देने की तैयारी की है। इस दौरान सिम्स परिसर में एम्बुलेंस 24 घंटे तैनात रहेगी, जिसमें स्टाफ भी मौजूद रहेगा।

दीपावली के पहले दिन सिम्स के डीन डॉ रमणेश मूर्ति और अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने सिम्स के वार्ड और परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान मेडिकल स्टोर, कीचन, गायनिक वार्ड, मेडिसीन, सर्जरी, ईएनटी जैसे विभागों का निरीक्षण किया और मरीजों से भेंट की। सिम्स प्रबंधन ने अपने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए डाक्टरों की नियमित रोस्टर के अलावा अवकाश के दिनों में भी ड्यूटी चार्ट जारी कर दिया है। जिसमें ईएनटी, मेडिसीन, सर्जरी, आर्थोपेडिक, एनेस्थिसिया जैसे विभागों के सिनियर और जूनियर डाक्टरों को दीपावली के दिन ड्यूटी करना होगा। इसके साथ ही सिम्स के इन्टनर्स को भी ड्यूटी पर लगाया गया है। अवकाश पर जाने से पहले कर्मचारी और अधिकारियों को अधीक्षक की अनुमति लेनी होगी। साथ ही सभी कर्मचारी और अधिकारियों को दीपावली के 5 दिनों तक अनिवार्य तौर पर अपने फोन चालू स्थिति में रखने होंगे। आपातकालीन स्थिति को देखते हुए सिम्स में आपरेशन थिएटर, आईसीयू, जीवन रक्षक आईवी फ्लूड, उपकरण, दवाईया, ब्लड की पर्याप्त मात्रा रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।



सिम्स का निरीक्षण करते डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, डॉ. लखन सिंह।


### सुधार कार्य कराए गए

रविवार अधीक्षक सहित मैंने राउंड लिया है, व्यवस्था का जायजा लेकर कुछ सुधार कार्य भी कराए हैं। डाक्टर और स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। हर वार्ड में उसके चार्ट भी पहुंच चुके हैं। आपातकालीन स्थिति के लिए सिम्स हर बार की तरह तैयार है। लोगों से अपील की गई है कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्व का आनंद लें ताकि उन्हें किसी तरह की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ें। मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना है।

\- डॉ रमणेश मूर्ति
डीन, सिम्स

## दीपावली में ड्यूटी करेंगे कानन जू के कर्मचारी

**बिलासपुर।** सोमवार को दीपावली की छुट्टी कानन पेण्डारी जू के कर्मचारियों को नहीं दी जाएगी। उच्चाधिकारी जहां अपने घरों में दीपावली का पर्व मनाने की तैयारी करेंगे, वहीं कानन जू के संविदा और परमानेंट कर्मचारी अपने समय के अनुसार ड्यूटी पर जाएंगे। प्रति सप्ताह सोमवार के दिन कानन पेण्डारी जू का गेट सैलानियों के लिए बंद कर दिया जाता है। इस दिन सैलानी यहां भ्रमण करने के लिए नहीं पहुंचते हैं। सप्ताह में एक दिन गेट को बंद करने के साथ वन्यप्राणियों के केज की सफाई व अन्य कार्य किए जाते हैं, जिसके बावजूद कानन पेण्डारी जू का हाल बेहाल हो चुका है। कानन पेण्डारी जू में पूर्व रेंजर शिव कुमार नाग का ट्रांसफर बिलासपुर वन मंडल के उड़नदस्ता में हो गया है, जिसके कारण कानन जू में रेंजर का पद पूरी तरह से खाली हो गया है। जू में अधीक्षक के अलावा रेंजर नहीं होने की वजह से डिप्टी रेंजर को प्रभारी बना दिया गया है। इन स्टाफ के अलावा ज्यादातर स्टाफ दैनिक वेतनभोगी हैं, जो केज में रखे जाने वाले शाकाहारी और वन्यप्राणियों की सुरक्षा के साथ उनके आहार व सारी व्यवस्था करते हैं। इनमें से कई स्टाफ आसपास गांव के भी शामिल हैं, जिन्हें सप्ताह में एक दिन छुट्टी भी मिल जाती है। सोमवार को कानन पेण्डारी जू का मेंटनेंस करने की वजह से गेट तो बंद रहेगा, लेकिन दीपावली मनाने के लिए कर्मचारी अपने घर नहीं जा सकेंगे। प्रबंधन के अनुसार दीपावली में पटाखे की आवाज से जू में खतरा बना रहता है।






# दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...





































बिलासपुर, सोमवार 20 अक्टूबर 2025

हरिभूमि लाइव



# दीपोत्सव आज, रौशनी से जगमगाया शहर

धनतेरस के दूसरे दिन रविवार को नरक चतुर्दशी मनाई गई। इस दिन रात्रि में यम के दीये जलाए गए। सोमवार 20 अक्टूबर को बड़ी दिवाली मनाई जाएगी। लोग माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा कर जमकर आतिशबाजी करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नरक चतुर्दशी को छोटी दीपावली भी कहते हैं। इस रात दीये जलाने को लेकर पौराणिक कथाएं और लोकमान्यताएं है। एक कथा के अनुसार आज के दिन ही भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध किया था और सोलह सहस्त्र एक सौ कन्याओं को नरकासुर के बंदी गृह से मुक्त कर उन्हें सम्मान प्रदान किया था। शाम को दीपदान की प्रथा है। इसे यमराज के लिए किया जाता है। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा की जाएगी। भाई दूज मनाई जाएगी।

## लक्ष्मी पूजा के लिए शुभ मुहुर्त



दीपावली महापर्व 20 अक्टूबर दोपहर 3:44 बजे से प्रारंभ होकर 21 अक्टूबर को शाम 5:54 बजे तक मनाया जाएगा। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि लक्ष्मी पूजा हमेशा प्रदोष काल (सूर्यास्त के बाद) में अमावस्या तिथि के दौरान की जाती है, इसलिए 20 अक्टूबर को ही दीपावली मनाना शुभ और श्रेष्ठ माना गया है। दीपावली पर लक्ष्मी पूजन का सबसे शुभ मुहूर्त प्रदोष काल और वृषभ काल में होता है। प्रदोष काल शाम 5:46 बजे से रात 8:18 बजे तक 2 घंटे 32 मिनट, लक्ष्मी पूजा मुहूर्त शाम 7:08 बजे से रात 8:18 बजे तक 1 घंटा 10 मिनट, वृषभ काल शाम 7:08 बजे से रात 9:03 बजे तक 1 घंटा 55 मिनट एवं स्थिर लग्न रात्रि 2:36 से प्रातः 4:02 तक रात्रि 1:52 से 3:54 तक शुभ मुहूर्त रहेगा। 21 अक्टूबर मंगलवार को दीपावली पूजन का लाभ-अमृत मुहूर्त प्रातः 10:21 से दोपहर 1:15 तक तत्पश्चात शुभ मुहूर्त दोपहर 2:41 से शाम 4:08 तक रहेगा एवं अंतिम गोधूली बेला का मुहूर्त शाम 4:40 से शाम 5:54 तक रहेगा। इसके साथ ही अमावस्या तिथि का समापन हो जाएगा।

### जीवन में बनी रहती है सुख-शांति

हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीवाली मनाई जाती है। इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करने का विधान है। इससे साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की कृपा प्राप्ति के लिए दीवाली का दिन बहुत ही शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। साथ ही धन लाभ के योग बनते हैं।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर में दिवाली पर चल रहा विशेष अनुष्ठान

### 22 को मनाया जाएगा महापर्व अन्नकूट



श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में दीपावली पर पांच दिवसीय विशिष्ट अनुष्ठान किया जा रहा है। भगवान विष्णु एवं लक्ष्मीजी का पञ्चोपचार पूजन, पुरुष सूक्त एवं श्री सूक्त से अभिषेक सहस्त्रार्चन गुरु परंपरा के अनुसार मंगलवार 21 अक्टूबर को हवन कर पूर्ण किया जाएगा। 22 अक्टूबर को मंदिरों का महापर्व अन्नकूट मनाया जाएगा। इस पर्व में भगवान को भोग लगाने के बाद दोपहर ठीक 12 बजे भगवान श्री लक्ष्मीनारायण की महाआरती होगी। महाआरती के बाद सभी भक्तों को भोजन प्रसादी दी जाएगी। इस दिन भगवान को कढी-चावल (महाप्रसाद), पूड़ी एवं ऋतु उपलब्ध सभी प्रकार की सब्जी भाजी आदि को मिलकर बनाए गए प्रसाद का विशेष भोग लगाया जाएगा। सभी भक्तों से महाआरती एवं अन्नकूट के प्रसाद के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह मंदिर समिति ने किया है। भंडारे की सामग्री के लिए मंदिर के भक्त यथाशक्ति सहयोग करते हुए दीपावली के पहले तक भिजवा सकते हैं ताकि अगले दिन सुबह से भोग भंडारे की तैयारी व्यवस्थित रूप से हो सके। मंदिर प्रांगण में ही भोजन की व्यवस्था रहेगी।



## दीपावली आत्मिक दीप जलाने का पर्व : स्वाति

दीपावली से एक दिन पूर्व आने वाली छोटी दीपावली, जिसे नरक चतुर्दशी या रूप चौदस भी कहा जाता है, अपने भीतर अत्यंत गहरा आध्यात्मिक संदेश समेटे हुए है। यह केवल स्नान, दीप जलाने या रूप-सौंदर्य का दिन नहीं, बल्कि आत्मा के जागरण और अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा का प्रतीक पर्व है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य संस्था टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बताया कि इस दिन का वास्तविक अर्थ है, मनुष्य के भीतर बसे अंधकार का अंत और आत्मा के दिव्य रूप का पुनर्जागरण। दीदी ने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान ने नरकासुर का वध किया था, परंतु मनुष्य के अंदर काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकार ही आज के समय के नरकासुर हैं, जिन्होंने आत्मा की पवित्रता और शांति को बंदी बना लिया है। जब आत्मा ईश्वर पिता शिव से ज्ञान का प्रकाश प्राप्त करती है, तो वह इन विकारों का अंत कर सच्चे सुख और स्वर्ग की अनुभूति करती है। दीदी ने आगे बताया कि रूप चौदस का संबंध बाहरी सौंदर्य से नहीं, बल्कि आंतरिक आत्मिक रूप से है।



### घरों को रंगोली से सजाया

रंगोली सजाने का बड़ा महत्व होता है। यही वजह है कि रंगोली की डिमाण्ड बढ़ गई है। पर्व के मद्देनजर शहर के तारबाहर नाका स्थित एंथोनी शॉप में थोक व चिल्हर में रंगोली बेची जा रही है। जहां धनतेरस पर खरीददारों की भारी भीड़ रही। शॉप के संचालक जोसफ ने बताया कि विविध कलर की रंगोली के साथ ही मां लक्ष्मी गणेश, स्वास्तिक, लक्ष्मी पांव के ठप्पों, बुक, चमकीला की काफी डिमाण्ड है।



### गीले आटे से बनाई रंगोली

ईदगाह चौक में प्रतिभा आरती समूह की महिलाओं द्वारा पेंटिंग वाली दीए तैयार किए गए हैं। जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। उन्हीं के द्वारा सादा दीयों को पेंटिंग कर आकर्षक रूप दिया जा रहा है, जो कि सभी की पसंदीदा है। वहीं हटरी चौक जूना बिलासपुर की सिद्धि गुप्ता द्वारा गीले आटे से रंगोली बनाई गई जो आकर्षण का केंद्र रहा।

## पुराने खाते समाप्त कर, श्रेष्ठ कर्मों की पूंजी बढ़ाएं

**बिलासपुर।** शिव अनुराग भवन राज किशोर नगर में आध्यात्मिक दिवाली कार्यक्रम का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। मंजू दीदी ने महावाक्यों को सुनाते हुए स्पष्ट किया कि दीपावली को 'दीप दिवस' नहीं, बल्कि 'दीप माला दिवस' कहा जाता है, क्योंकि इस दिन एक नहीं बल्कि बहुत से दिए अर्थात दीपमाला जगाते हैं जो कि अनेक विशेष आत्माओं के संगठित रूप का यादगार है। ज्योति स्वरूप परमात्मा शिव दीपराज हैं तो हम आत्माएँ दीपरानियां हैं।

दीदी ने बताया कि दीपावली उत्सव निराकार और साकार दोनों रूपों का यादगार है,दीपक जलाना निराकारी आत्मा के स्वरूप का यादगार है,क्योंकि चमकती हुई आत्माएं दीपक की लौ मिसल दिखाई देती हैं, जो दिव्य ज्योति का यादगार रूप है। लक्ष्मी पूजा भविष्य के साकार दिव्य स्वरूप का यादगार है संगम युग में आत्माएं ज्ञान धन की देवी बनती हैं, जो दाता रूप का यादगार है, और भविष्य में लक्ष्मी-नारायण की राजधानी का यादगार बनता है। दीदी ने समझाया कि दीपावली मनाना अर्थात दैवीय गुणों वाला बनना, और इसके लिए दो मुख्य विधियों पर ज़ोर दिया गया, जिनका पालन वर्तमान समय जरूर करना है। एक तो पुराना खाता समाप्त करना जैसे व्यापारी पुराना खाता खत्म करके नया शुरू करते हैं, वैसे ही सभी को ईर्ष्या, द्वेष, घृणा और नफरत का पुराना खाता खत्म करके प्रेम का नया खाता शुरू करना है।और 2.कर्ज और मर्ज से मुक्तिः यदि कोई भी पुराने खाते में पुराना संस्कार अभी समाप्त नहीं किया है, तो यह रावण का कर्जा है। इस कर्जे को 'मर्ज' कहा जाता है, जो कमजोरी पैदा करता है। इस कर्जे को एक दृढ़ संकल्प से समाप्त करके जलाना है, जिसे 'आत्मिक बम की आतिशबाजी' जलाना कहा गया।सफाई के साथ-साथ, तन, मन, धन और संबंध की चारों प्रकार की स्वच्छता आवश्यक है। यदि एक भी प्रकार की स्वच्छता नहीं है, तो श्रेष्ठ दैवी पद की प्राप्ति नहीं हो पाती।





**90 वर्षीय स्वयं सेवक शरद बलहाल का सम्मान :** शरद बदहाल के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंजू दीदी व बहन ममता सगदेव ने तिलक व पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें 'मेरे घर राम आए हैं' की प्रस्तुति भी शामिल थी। अंत में सभी भाई-बहनों को भोग वितरित किया गया, जो बहुत प्यार से तैयार किया गया था साथ ही सभी को ब्लेसिंग कार्ड दिया गया। सेवाकेंद्र में सभी के स्वागत के लिए स्वागत द्वार पर बहुत आकर्षक रंगोली सजाई गई।

## डेकोरेटिव आयटम बनाने का प्रशिक्षण

नवाचारी व्याख्याता डॉ. ज्योति सक्सेना ने विद्यार्थियों को आम पत्ती, फूल का तोरण, फूल माला, दीया डेकोरेशन, पानी के दीये, फूल बत्ती, लंबी बत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही कांच के गिलास में पानी डालकर उसमें दो-तीन बूंद तेल डालकर फूल में डोरी डालकर कम तेल में दीया डेकोरेशन कैसे कर सकते हैं, सिखाया गया।



शा स की य हा ई स्कू ल मुलमुला की डॉ सक्सेना ने बताया कि हर वर्ष विद्यार्थियों को कई नए-नए प्रशिक्षण देकर कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है ताकि बच्चों की छिपी प्रतिभा को सामने लाया जा सके। घर बैठे कम बजट में चार्ट पेपर पर डॉट्स बनाकर बिंदी वाली सुंदर रंगोली बनाई जा सकती है। वहीं फूलझड़ी, लाई-बताशे, मिठाई, बिस्किट चॉकलेट भी बांटी गई। सभी बालिकाओं ने आकर्षक तोरण एवं दीये डेकोरेट किए। आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य विमलेश कुमार पांडेय, व्याख्याता दिनेश कुमार बंजारे, नीरजा सिंह एवं प्रतीक्षा सिंह का सहयोग रहा।

## होइये वहीं जो राम रची राखा, बच्चों को संस्कार देने हनुमान चालीसा का पाठ कराएं

युगाब्द आश्विन कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी छोटी दीपावली के पावन अवसर पर शुभमविहार विकास समिति द्वारा सतत 161वें सुंदरकांड व हनुमान चालीस पाठ के आयोजन में सहभागी होने का सुअवसर मिला है। संगीतमय सुंदर कांड पाठ में उपस्थित धर्मनिष्ठ श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए ललित हीरालाल गर्ग ने बताया कि मैकाले की कुटिल शिक्षा पध्दति से शिक्षित जनसामान्य हिंदू संस्कृति व संस्कार दीप प्रज्वलन, ईश आराधना, भजन गायन को भूल विदेशी संस्कृति का अंधानुकरण में करने लगे हैं। उन्होंने समस्त जागरूक देशभक्तों विशेष कर माताओं-बहनों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को संस्कार देने हेतु कम से कम प्रतिदिन एकबार तथा सप्ताह में एकबार सामूहिक हनुमान चालीसा पढ़ने की आदतें अवश्य ही डाले। बच्चों को आदर्श के रूप में श्रीराम, श्री हनुमान व स्वतंत्रता संग्राम के वीरो को बनाये। तभी वे एक आदर्श नागरिक बनेंगे तथा हमारा राष्ट्र अखंड रहेगा। आज पवन गोयल के सौजन्य से आत्म रक्षा सूत्र का निःशुल्क वितरण किया गया। रविवार को जे पी हाईट्स में इस्कॉन द्वारा दामोदर अष्टकम पाठ व दीप दान का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में शुभमविहार विकास समिति के अध्यक्ष आख़लिानन्द पांडेय, ललित अग्रवाल, आर पी मिश्रा,अखलेश द्विवेदी, प्रमोद अवस्थी,ईश्वर तिवारी,मनीष बरसैया, एस के सक्सेना प्रमोद तिवारी, कौशल्या साहू, इंदुबाला पांडेय, सरिता पांडेय, निशा अग्रवाल, लक्ष्मी साहू , सीमा पांडेय सहित सैकड़ो की सँख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



## बांटी गई दिवाली की खुशियां

लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत कुष्ठ रोगियों की बस्ती ब्रह्म आश्रम हेमूनगर गणेश कॉलोनी में पटाखे, मिठाई, दीये, तेल-बाती, राशन सामग्री वितरित की। इस कार्य में अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा, सचिव अर्चना तिवारी, कोषाध्यक्ष विनीता मिश्रा, संजना मिश्रा, अंबुज पांडेय, प्रथम उपाध्यक्ष मंगला देवरस, मंजुला शिंदे, गायत्री कश्यप, उषा मुदलियार ने सहयोग किया। वहीं आश्रम में रहने वाले लोगों को मानसिक स्वच्छता एवं स्वस्थता की जानकारी दी गई। उनके साथ में मिलकर दीपावली की खुशियां बांटी गई। पटाखे फोड़ व दीपक जलाकर उन्हें शुभकामनाएं दी गई।



## खबर संक्षेप

### कान्हा से नहीं आएंगे टाइगर टाइग्रेस एटीआर में



**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व एटीआर में बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व और महाराष्ट्र के अन्य टाइगर रिजर्व से बाघिन लाने की योजना बनाई गई थी। एनटीसीए नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी और एटीआर प्रबंधन ने दिसम्बर तक कान्हा से दो बाघिन लाने की योजना बनाई थी। एटीआर में टाइगरों की संख्या बढ़ने के कारण इस योजना को टाल दिया गया है। अचानकमार टाइगर रिजर्व में कुल 1000 किलोमीटर क्षेत्र में फैले जंगल में वर्तमान में 15 से अधिक बाघ-बाघिन हैं। यह संख्या अन्य टाइगर रिजर्व्स की तुलना में काफी कम है। एटीआर प्रबंधन ने बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए कान्हा और महाराष्ट्र के टाइगर रिजर्व्स से बाघ और बाघिन लाने की मांग की थी। इस प्रस्ताव को राज्य सरकार द्वारा भी मंजूरी दी गई थी और ग्लोबल टाइगर फोरम जीटीएफ ने इसका समर्थन किया था। एटीआर की सीमा मध्यप्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व से सटी हुई है, और यहां बाघों के लिए अनुकूल आवास और आहार की व्यवस्था की गई है। बाघों के शिकार के लिए पर्याप्त शाकाहारी वन्यप्राणी मौजूद हैं, और बाघों के खानपान की समस्या को हल करने के लिए चीतलों की शिफ्टिंग रायपुर के जंगल सफारी और कानन पेंडारी जू से की जा रही है, ताकि बाघों को पर्याप्त आहार मिल सके। राज्य शासन से इस योजना को स्वीकृति मिल गई, लेकिन बाघों की संख्या बढ़ने के कारण और कान्हा से बाघ-बाघिन लाने की योजना वर्तमान में ठंडे बस्ते में डाल दी गई है।

### छात्राओं ने जाना प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने समय प्रबंधन व उसके स्वरूप



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा ''प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें'' विषय पर महाविद्यालय के सभागार में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सारंगढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी श्रीराम कश्यप थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलासा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. आर. कमलेश ने किया। प्रमुख वक्ता श्री कश्यप ने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें विषय पर छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन, भौतिक स्वरूप, भूगर्भिक संरचना, प्रशासनिक स्वरूप, मिट्टी एवं खनिज पर पर बहुत ही रोचक एवं सरलतापूर्वक जानकारी दिए। परीक्षा की तैयारी करते समय समय का प्रबंधन एवं उसका उपयोग करके अपने लक्ष्य की पूर्ति कैसे कर सकते हैं जैसे प्रेरणादाई उत्साहवर्धक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की तृतीय सेमेस्टर, पंचम सेमेस्टर, स्नातकोत्तर भूगोल की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राएं एवं विभाग के प्राध्यापक डा. संगीता शुक्ला, डा. सुशीला एक्का, डा. आशीष मांझी, डा. माधुरी सिंह आदि मौजूद थीं।

### उन्मुखीकरण कार्यशाला में अच्छे अंक प्राप्त करने मार्ग प्रशस्त किया

**बिलासपुर।** मिशन 90 प्लस योजना के तहत जिले के परिणाम को 90 प्रतिशत से अधिक लाने के उद्देश्य से उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सेजेस महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इसमें मनोज कुमार यादव ने बताया कि जिले के भौतिक भौतिक विषय के 121 व्याख्याता उपस्थित रहे। कार्यशाला में आर पी आदित्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा एवं मिशन 90 प्लस के नोडल अधिकारी जितेंद्र खोबरागड़े उपस्थित रहें। अमित कुमार खास कलाम ने कहा कि मेरा मानना है कि शिक्षक से अच्छा एआई नहीं हो सकता है। आर पी आदित्य ने कहा कि शिक्षक को पूरी समर्पण से अपने कार्य क्षेत्र में कार्य करना चाहिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने कहा कि शिक्षक बच्चों के साथ जुड़कर समाज में बदलाव लाने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए शिक्षा का काम सिर्फ पढ़ना नहीं है बच्चों की स्थिति मन स्थिति एवं पारिवारिक परिवेश को भी ध्यान देना चाहिए। हर्षा देवानी सहायक अध्यापक सकरी कॉलेज ने कहा कि बच्चों के अंदर बहुत पोटेंशियल होता है बस उसको तरसते की जरूरत है। डॉ भूपेंद्र धर दीवान तिवारी ने विषय पर उन्मुखीकरण व्याख्यान प्रस्तुत किया। विषय विशेषज्ञ मनोज कुमार यादव ने ब्लूप्रिंट एवं पाठ्यक्रम पर व्याख्यान के साथ 12वीं में अच्छे अंक प्राप्त करने मार्ग प्रशस्त किया। राजेश तिवारी ने छात्रों के साथ किस प्रकार से कार्य करना है बताया।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अब तक 5969 आवेदन

**बिलासपुर।** छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र के अंतर्गत पीएम सूर्य घर योजना के तहत अब तक 5 हजार 969 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 930 उपभोक्ताओं के यहां सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 628 उपभोक्ताओं को उनकी सब्सिडी की राशि का भुगतान शासन द्वारा कर दिया गया है। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों में कार्यशालाएं और शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यपालक निदेशक ए. के. अम्बस्थ ने योजना के सफल और त्वरित क्रियान्वयन हेतु अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं एवं सोलर वेंडरों को निर्देशित किया है।

## निधन

### किशन लाल यादव



**बिलासपुर।** कुदुदंड निवासी किशन लाल यादव का 19 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 20 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। प्रभात यादव, प्रकाश यादव के पिता एवं प्रांशु के दादा थे।

### परमेश्वर शर्मा



**बिलासपुर।** चांटीडीह रपटा चौक निवासी परमेश्वर शर्मा का निधन 18 अक्टूबर शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 अक्टूबर रविवार को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे मनीष शर्मा, नवीन शर्मा आशीष शर्मा के पिता थे।


---

**बीमारी से डरना नही बल्कि लड़ने की जरूरत, कैंसर पीड़ितों का मनोबल बढ़ाने के साथ ही काउंसिलिंग भी**

# कैंसर से जीती जंग, समाज के लिए मिसाल बने, अब दूसरों की कर रहे मदद


बिलासपुर। कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो रोगी को मानसिक रुप से ज्यादा क्षति पहुंचाती है। इस बीमारी में अक्सर रोगी अपनी मौत का इंतजार करते रहते हैं, लेकिन कुछ ऐसे लोग भी हैं जो इस बीमारी से ग्रसित होने के बाद इससे लड़े और जीते भी। समाज के लिए मिसाल और प्रेरणा बने। इनमें से महिलाओं ने इस बीमारी के डर को मरीज के अंदर से निकालने का बीड़ा उठाया है। अन्य कैंसर पीड़ितों का मनोबल बढ़ाने के साथ ही काउंसिलिंग भी करती हैं। जंग जीते इन लोगों का कहना है कि अब बदलते समय और नई-नई दवाइयों की खोज और ऑपरेशन ने इस बीमारी का इलाज ढूंढ लिया है। इनका कहना है कि बीमारी से डरना नही बल्कि लड़ने की जरूरत है।

### मजबूत इच्छाशक्ति और डाक्टरी इलाज पर भरोसा जरूरी




स्पंदन समूह नामक संस्था की संचालक आराधना त्रिपाठी बताती हैं कि फरवरी 2012 में उन्हें पता चला कि सेकंड स्टेज ब्रेस्ट कैंसर है तो एकदम हताश हो गई। कैंसर के बारे में लोगों की बातों ने डर को और बढ़ाया। मेरे पति ने मुझे हौसला दिया। अपोलो बिलासपुर में ऑपरेशन हुआ। बीमारी थोड़ी कम हुई। कीमो चढ़ा, जैसा लोग बता रहे थे, वैसा कुछ भी नहीं लगा। 8 महीने इलाज के बाद ठीक हुई। पति ने कहा कि अपने अनुभव का उपयोग करना चाहिए। अब मैं किचन का काम छोड़ू और लोगों की काउंसिलिंग करूं। धीरे–धीरे कब मैं काउंसलर बन गई पता नहीं चला। आराधना के मुताबिक इसके लिए मजबूत इच्छाशक्ति और अपने चिकित्सक के इलाज पर भरोसा करना होता है। उन्होंने बताया कि कैंसर फाइटर बनने के बाद उन्हें इस बात का भी अहसास था कि जो कैंसर से पीड़ित होता है, उसे किस-किस तरह की तकलीफ का सामना करना पड़ता है।

### लड़ने के लिए कैंसर ही क्यों ना हो मनोबल जरूरी है




कैंसर से पीड़ित रहीं पूर्णिमा त्रिपाठी बताती हैं कि 2022 में एक छोटा सा ट्यूमर हुआ था। ध्यान नहीं दिया और समय पर सही इलाज नहीं कराया वजन कम होने लगा। बेटी के कहने पर 3 अप्रैल 2024 को एक टेस्ट कराया, इसमें कैंसर निकल गया। पूरा परिवार सदमे में चला गया। हिम्मत करके 11 अप्रैल 2024 को आपरेशन कराया गया। इसके बाद 31 कीमो भी हुआ। अंतिम जांच में सबकुछ नार्मल निकला तो राहत की सांस ली। पूर्णिमा त्रिपाठी प्राथमिक शाला हरदीकला में टीचर हैं। वे बताती हैं कि बीमारी के दौरान जब घर में रहतीं थीं तो अजीब लगता था। क्लास में बच्चों को पढ़ाने के समय वे अपनी बीमारी भूल जातीं थीं। गणेश नगर चुचुहियापारा निवासी पूर्णिमा त्रिपाठी के मुताबिक इलाज के लिए 3 महीने की छुट्टी लीं थीं लेकिन एक महीने में ही ज्वाइन कर लीं। पूर्णिमा के मुताबिक किसी भी लड़ाई के लिए वह चाहे कैंसर ही क्यों ना हो मनोबल जरूरी है।

### कैंसर पीड़ित ने की हिमालय में 12 हजार फीट की ट्रैकिंग



यदुनंदन नगर में रहने वाली प्रियंका शुक्ला कैंसर से पीड़ित थीं। घर वालों की जागरूकता के चलते जल्द ही इलाज शुरू हो गया। आत्मबल भी काम आया और उन्होंने इस बीमारी को मात दी। उन्होंने कैंसर से लड़ते हुए हिमालय के 12 हजार फीट की ऊंचाई में ट्रैकिंग भी की। प्रियंका उन महिलाओं के लिए मिसाल बन कर उभरीं हैं जो इस बीमारी से लड़ते हुए हिम्मत हार जाती है। उन्होंने बताया कि शुरू में तो कैंसर का नाम सुनते ही पूरे परिवार में हल्ला सा मच गया। रेडियशन और सर्जरी की मदद से लेकिन जल्दी ही राहत मिली और कीमो कराने की जरूरत नहीं पड़ी। फिलहाल वे नए कैंसर पीड़ितो की सहायता करने के साथ ही काउंसलिंग भी करती हैं। प्रियंका बताती हैं कि बीमारी से डरना नही बल्कि लड़ने की जरूरत है। वो पीड़ितों को हिम्मत देकर इस बीमारी के प्रति जागरूक कर रही हैं।

### पान-गुटखा कुछ भी नहीं खाया फिर भी मुंह का कैंसर



रतनपुर के करैहापारा हायर सेकेंडरी स्कूल में लेक्चरर के पद पर पदस्थ अशोक शर्मा पान, गुटखा या सौंफ कुछ भी नहीं खाते। इसके बाद भी उन्हें मुंह का कैंसर हो गया। वे बताते हैं कि 2022 में मुंह में छाले हुए थे। इलाज सही नहीं होने पर यह बढ़ गया और बाद में टेस्ट कराने पर कैंसर निकल गया। मेकाहारा रायपुर के साथ कोकिला बेन अस्पताल मुंबई में आपरेशन और इलाज कराया गया। इसके बाद अपोलो अस्पताल में कीमो और रेडियेशन हुआ। 2024 में कैंसर से मुक्ति मिली तो राहत भी मिली। वे बताते हैं कि फिलहाल कमजोरी तो है लेकिन दवाइयां चल रहीं हैं। शिक्षक श्री शर्मा बताते हैं कि बीमारियों के बाद भी क्लास लिया गया और इस सत्र में उनका रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। कलेक्टर ने सम्मानित भी किया है।

---

**निगम सालाना पांच लाख रुपए तो शहरवासी दो करोड़ खर्च कर रहे**

# टेंडर तीसरी बार निरस्त, साल भर से फागिंग और लार्वा कंट्रोल बंद, स्वास्थ्य विभाग से मिलीं 10 मशीनें भी डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में लार्वा कंट्रोल की मुहिम बंद है। इसके कारण मच्छरों की संख्या अनियंत्रित हो चली है। निगम प्रशासन दिखावे के लिए फॉगिंग मशीन चलवाता है, लेकिन इससे मच्छरों की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता। लोग परेशान, बीमार पड़ रहे हैं। साल भर से लार्वा कंट्रोल के लिए ठेका देने का काम चल रहा है लेकिन अब तक तीन बार इसका टेंडर निरस्त हो चुका है। हालात इतने बिगड़ गए कि निगम सालाना पांच लाख रुपए खर्च कर मच्छर उन्मूलन का दावा करता है तो इधर शहरवासी मच्छरों से बचने के लिए सालाना दो करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर रहे हैं। कई फागिंग मशीनों के खराब होने की बात भी सामने आ रही है। इधर स्वास्थ्य विभाग ने डेढ़ लाख रुपए का केमिकल देने के साथ ही निगम को 10 नई फागिंग मशीनें दीं थी। इसे सभी जोन आफिसों में भेजा गया था लेकिन वहां भी इन मशीनों को डंप कर दिया गया है।

70 वार्डों वाली न्यायधानी के लोग मच्छरों से परेशान हैं। घर हो या दफ्तर, दिन हो या रात, इनके प्रकोप से सभी त्रस्त हैं। नगर निगम ने महीनों से लार्वा कंट्रोल बंद कर रखा है। कुछ दिन पहले मच्छरों को मारने के लिए फॉगिंग मशीनें जरूर चलाई गईं लेकिन ये वीआईपी इलाकों तक सीमित होकर रह गई हैं। ज्ञात हो कि निगम सालभर में लार्वा कंट्रोल और फॉगिंग मशीनों पर 5 लाख रुपए सालाना खर्च कर रहा है। इसके विपरीत आम लोग मच्छरों से बचने के लिए लिक्विड, क्वाइल, टिकिया, स्पेयर आदि पर 2 करोड़ से डेढ़ करोड़ रुपए हर महीने खर्च कर रही है। एक कमरे में एक क्वाइल जलाने से 2 रुपए और 3 कमरों में 6-8 रुपए का रोजाना खर्च है।



**फागिंग मशीनें जरूर चलाई जा रही हैं लेकिन यह वीआईपी इलाकों तक सीमित**

**जुगाड़ के दम पर चल रही फागिंग मशीन**

दूसरी ओर फागिंग मशीनों की देख-रेख और मेंटेनेंस के लिए कुछ नहीं हो रहा है। जुगाड़ के दम पर इसे चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शहर में 8 जोन हैं। एक जोन में कम से कम 3 मशीन हर दिन चलनी चाहिए लेकिन एक भी नहीं चल रही है। कर्मचारियों के मुताबिक हर दूसरे दिन मेंटेनेंस की जरूरत पड़ती है। ज्ञात हो कि 2014 से पहले 9 मशीनें खरीदी गई थी। बाद में 2016 में 4 प्लास्टिक बाडी वाली मशीनें खरीदी गई। इसमें से 2 मशीन खराब है।

**फिर जारी किया जाएगा टेंडर**

पार्षदों की देख-रेख में वार्डों में फॉगिंग कराई जाती है। वहां से सब ओके मिलने के बाद ही कर्मचारी आगे बढ़ते हैं। कहीं से कोई शिकायत तो नहीं आई है। सभी जोन आफिस में फागिंग मशीनें उपलब्ध भी हैं। फागिंग और लार्वा कंट्रोल का टेंडर फिलहाल निरस्त कर दिया गया है। इसे नए सिरे से फिर से जारी किया जाएगा।

\- **प्रवेश कश्यप,** नोडल अधिकारी

### पार्षदों की देख-रेख में वार्डों में फॉगिंग

नगर निगम अधिकारी दावे कर रहे हैं सबकुछ बेहतर है। इसके उलट वार्ड के लोग सालों से परेशानी झेलने को मजबूर हैं। नगर निगम बिलासपुर की फॉगिंग मशीन विशेष क्षेत्रों को छोड़कर कहीं दिखाई नहीं दे रही है, जबकि पूरे शहर में लोग मच्छरों से परेशान हैं। पहले सुबह और शाम को अधिक मच्छर होने की शिकायत करते थे, अब 24 घंटे मच्छर लोगों को काट रहे हैं।

मच्छर पनपने का प्रमुख कारण नालियों में एंटी लार्वा की कमी है। साथ ही नियमित रूप से फॉगिंग भी नहीं की जा रही है। जानकारी के मुताबिक निगम की एक सबसे बड़ी मशीन हाईकोर्ट परिसर में लगाई गई है, जबकि एक मशीन वीआईपी के लिए रिजर्व है। इतना ही नहीं एक मशीन को इमरजेंसी के लिए सुरक्षित रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि पार्षदों की देख-रेख में वार्डों में फॉगिंग कराई जाती है। वहां से सब ओके मिलने के बाद ही कर्मचारी आगे बढ़ते हैं।

# प्रवेश तिथि बढ़ाने उच्च शिक्षा मंत्री से मिले निजी कालेज वाले

**बिलासपुर।** निजी कालेज संघ की ओर से कुछ निजी कालेज संचालक उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा मिलने रायपुर गए थे और निजी कालेज वालों ने मंत्री से मिलकर कालेजों में प्रवेश की तिथि बढ़ाए जाने की मांग रखी है। निजी कालेज संचालकों ने बारहवीं के पूरक परीक्षार्थियों का हवाला देते हुए प्रवेश पोर्टल कुछ दिनों के खोले जाने की मांग की है।

- **12वीं पूरक परीक्षार्थियों का दिया हवाला**

कालेजों में नियमित स्टूडेंट्स के लिए प्रवेश की तिथि 5 सितंबर को समाप्त हो चुकी है, लेकिन अभी भी निजी कालेज वाले प्रवेश तिथि बढ़ने की उम्मीद कर रहे हैं। बड़े निजी कालेजों में तो एडमिशन ठीकठाक हुआ है, किन्तु छोटे निजी कालेजों की स्थिति उतनी अच्छी नहीं रही, इसलिए वे चाहते हैं कि अभी भी कुछ दिनों के लिए प्रवेश पोर्टल खोल दिया जाए तो कालेजों में फर्स्ट ईयर में कुछ और एडमिशन हो जाए।

इन बातों को लेकर कुछ निजी कालेज वाले उच्च शिक्षा मंत्री से मिलने रायपुर गए थे, वहां उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा से मिलकर प्रवेश की तिथि बढ़ाए जाने की मांग की गई। उन्होंने बारहवीं पूरक परीक्षार्थियों का हवाला देते हुए कहा कि हजारों की संख्या में बारहवीं कक्षा में विद्यार्थी पूरक आए थे, जिनके रिजल्ट आने के बाद उन्हें कालेजों में प्रवेश का अवसर मिलना चाहिए।

### कालेजों में 28 हजार से अधिक सीटें खाली

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्धता प्राप्त कालेजों में यूजी-पीजी मिलाकर कुल 55 हजार 91 सीटें हैं, जिनमें से यूजी फर्स्ट सेमेस्टर की 37 हजार 240 सीटें और पीजी की 16 हजार 946 सीटें निर्धारित हैं। यूजी-पीजी मिलाकर 55 हजार 91 सीटों में 28 हजार 861 सीटें खाली रह गई है, जबकि 26 हजार 405 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है। यूजी फर्स्ट ईयर के लिए प्रवेश पोर्टल में 16 जून से आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ था और 2 जुलाई से प्रवेश के लिए पहली मेरिट लिस्ट कालेजों में जारी हुई थी। उसके बाद कालेजों में मेरिट आधार तीन से चार बार प्रवेश की लिस्ट निकाली गई और 31 जुलाई तक शासन के निर्देशों के अनुसार प्रवेश दिया गया। कुलपति की अनुमति से कालेजों में 14 अगस्त तक रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया गया। इसके बाद छात्र संगठनों की ओर से प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग हो रही थी और यूनिवर्सिटी ने भी प्रवेश तिथि बढ़ाने उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखा था। इसलिए उच्च शिक्षा ने 5 सितंबर तक प्रवेश तिथि बढ़ाई थी।

---

# पांड मैन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर निगम करेगा सकरी के राजिम तालाब को पुनर्जीवित

**बिलासपुर।** शहर के सकरी स्थित राजिम तालाब को नगर निगम सुप्रसिद्ध पर्यावरण विद रामवीर तंवर के साथ संवारने जा रहा है। पूरी दुनिया में पांड मैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर रामवीर तंवर के साथ नगर निगम मिलकर तालाब को नया जीवन देने के लिए काम करने जा रहे हैं। शनिवार को निगम कमिश्नर अमित कुमार समेत अन्य अधिकारियों के साथ रामवीर तंवर ने सकरी स्थित राजिम तालाब का निरीक्षण किया। तालाब का काम नवंबर माह में प्रारंभ होगा और जून 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। तालाब संवर्धन और सौंदयीकरण के काम में कोका कोला कंपनी सहयोग कर रही और सीएसआर मद से काम होगा।
निगम के मुताबिक तालाब संवर्धन कार्य के तहत तालाब गहरीकरण, सिल्ट हटाने समेत दूषित होने से बचाने के लिए उपाय किए जाएंगे। इसके अलावा तालाब के पार एवं अन्य स्थान को नया स्वरूप दिया जाएगा। गौरतलब है कि पांड मैन ऑफ इंडिया का श्रेय रामवीर तंवर को जाता है, जिन्होंने अपना इंजीनियर का पेशा छोड़कर देश भर में तालाबों को पुनर्जीवित करने का काम शुरू किया है। उन्हें तालाब पुरुष भी कहा जाता है। रामवीर तंवरः एक पर्यावरणविद् और एनजीओ /"अर्थ/" के संस्थापक हैं। वह भारत में तालाबों और जल निकायों के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए काम करते हैं। वे अब तक 6 राज्यों के 100 से अधिक तालाबों को संरक्षित करने का काम कर चुके हैं और जहां भी इन्होंने काम किया है उन तालाबों का जल स्तर बढ़ा है, तालाबों में पंछियों का बसेरा हुआ है और तालाब प्रदूषण मुक्त हुआ है।



# महाविद्यालयीन छात्राओं ने जाना वित्तीय साक्षरता और भविष्य के लिए निवेश करना

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ शासन और एनएसई नेशनल स्टक एक्सचेंज के संयुक्त तत्वावधान में बीएफएसआई द्वारा '' वित्तीय साक्षरता और भविष्य के लिए निवेश'' विषय पर 13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग संतोष कुमार देवांगन, तथा संयुक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग डा जीए घनश्याम द्वारा किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य के सभी लीड कालेजों में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया गया। जिसके पश्चात इसे संपूर्ण छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालयों में लागू करने की योजना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डा. एस आर कमलेश ने कहा कि वह युवा महिलाओं को वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के माध्यम से केरियर के नए अवसर प्रदान करने जा रहा है। उन्होंने कहा जब महिला व्यक्तिगत रूप से सशक्त होती है, तब पूरा समाज प्रगति की दिशा में अग्रसर होता है। यह संस्था छात्राओं में वित्तीय साक्षरता और केरियर उन्मुख कौशल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। नोडल अधिकारी निवृत्ति जेम्स ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्र की जानकारी प्रदान करना। मुख्य वक्ता संजीव शर्मा ने बताया कि पैसे का प्रबंधन, निवेश और बचत कैसे की जाए। उन्होंने कहा कि निवेश, केवल बचत पर्याप्त नहीं है, पैसे को सही जगह निवेश करना जरूरी है ताकि वह बढ़े। उन्होंने बताया कि निवेश करने से पहले जोखिम और संभावित लाभ का आकलन करना सीखना आत्मनिर्भर निवेशक बनने की दिशा में पहला कदम है। कार्यकम्र में डॉ. डी. पी. देवांगन, डॉ. जे. पी. दुबे, एवं कुल 154 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम में मनीषा गुप्ता, बी. आर. चौधरी, सुषमा तिवारी, आदित्य, दिगेश कुमार, प्रियांका धीरहे, अनुपमा आदि का योगदान रहा।

---

**बदलते दौर में इनकी संख्या कम होती जा रही, नई पीढ़ी भी इससे जुड़ना नहीं चाहती**

# 100 सालों से 60 परिवार जुड़े कला व संस्कृति से, सदियों से दे रहे माटी को आकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

माटी कहे कुम्हार से, तू क्यों रौंदे मोय, एक दिन ऐसा आएगा, मैं रौंदूंगी तोयङ्क" कबीर की ये पंक्तियां आज एक नए अर्थ में साकार हो रही है। हमारी सभ्यता की धरोहर, मिट्टी के दीयों की परंपरा, चीनी सामान की चकाचौंध में खोती जा रही है। केन्द्र सरकार ने लोकल फार वोकल के तहत इसे बढ़ाने का काम किया है और अब अब लोग चाइनीज सामान की बजाय कुम्हार के हाथों बने दीयों को तवज्जो दे रहे हैं। ऐसे सामान की डिमांड बढ़ी है लेकिन उतनी नहीं जितनी चाहिए।

बिलासपुर में तो बकायदा एक कुम्हारपारा भी जहां 100 सालों से 60 से अधिक परिवार इस कला और संस्कृति से जुड़े हैं। हालांकि बदलते दौर में इनकी संख्या कम होती जा रही है। नई पीढ़ी भी इससे जुड़ना नहीं चाहती। कुम्हार कहते हैं कि दस हजार दीए बनाने पर महज एक हजार रुपए बचते हैं। क्या इतने में परिवार का पेट भरेगा?" उनकी आवाज में पीड़ा है, वही पीड़ा जो सदियों से माटी को आकार देने वाले इस समुदाय की है। एक समय था जब दीपावली से महीनों पहले कुम्हारों के घरों में उत्सव जैसा माहौल होता था। आज चीनी झालरों और एलईडी लाइट्स की चमक ने माटी के दीयों की लौ को मद्धिम कर दिया है। यही कारण है कि कुम्हार अपने बच्चों को इस विरासत से दूर कर रहे हैं। सवाल है कि कहीं यह यह हुनर अब केवल एक रस्म बनकर तो नहीं रह जाएगा। मिट्टी की चाक पर रोज रौशनी गढते इन कुम्हारों की दिक्कत बस ये हैं कि काम में जितनी मेहनत है, उतने दाम नहीं मिलते। खरीददार अक्सर यही कहते हैं मिट्टी का ही तो है। उन्हें नहीं पता होता है कि मिट्टी को आकार देने में मेहनत कितनी की गई है।



### वह उमंग नहीं जो पहले हुआ करती थी

दीपावली का अर्थ ही है – दीयों की पंक्ति। आज के आधुनिक युग में लेकिन मिट्टी के दीये केवल पूजा तक सीमित हो गए हैं। महंगा ईंधन और कम मुनाफा कुम्हारों की कमर तोड़ रहा है,नई पीढ़ी इस परंपरागत व्यवसाय से दूर जा रही है। कुम्हारपारा के कृष्णा प्रजापति (60 वर्ष) का परिवार इस कला से पीढ़ियों से जुड़ा है। उनके पिता और दादा भी यही काम करते थे। उनके मुताबिक दीयों की मांग तो है लेकिन वह उमंग नहीं जो पहले हुआ करती थी। उनके बच्चे तो काफी पहले इस संस्कृति और कला से दूर होकर दूसरा काम कर रहे हैं। कृष्णा कहते हैं कि यह सिर्फ दीयों की कहानी नहीं है। यह भारतीय कला, संस्कृति और परंपरा के संरक्षण का सवाल है। शायद इस दीपावली हमें सोचना चाहिए कि क्या हम अपनी परंपराओं को जीवित रखने में सफल हो पाएंगे? क्या माटी के दीयों की लौ हमेशा के लिए बुझ जाएगी ?

### क्या चमक-दमक में खो जाएगी एक विरासत

कुम्हारपारा में ही रहने वाले भानू प्रजापति के बाप-दादा भी यही काम करते थे। उन्होंने इस कला को आगे बढ़ाया लेकिन बच्चे मिट्टी की इस कला से नहीं जुड़ना चाहते। भानू सवाल करते हैं कि, क्या हम सोच सकते हैं कि जो दीये दूसरों के घरों में उजाला करते हैं, उनके बनाने वालों के घर अंधेरे में डूबते जा रहे हैं? क्या हमारी चमक-दमक की चाह में एक पूरी विरासत खो जाएगी? यहां रहने वाले दूसरे कुम्हार बताते हैं कि थोड़ी जागरूकता तो आई है। लोग चाइनीज सामान की बजाय कुम्हार के हाथों बने दीयों को तवज्जो दे रहें हैं।

### अगली पीढ़ी तक शायद ही हस्तांतरित होगी

देवकीनंदन चौक के पास दीए बेच रहे हिमांशू ने बताया कि घटती डिमांड और ज्यादा मेहनत के कारण मुनाफा पहले से कम हुआ है। मैंने तो अपने बाबूजी से यह कला सीखी थी। मेरा बेटा लेकिन अब यह काम नहीं। मेरे बाद अब परिवार में मिट्टी की यह कला अगली पीढ़ी तक शायद ही हस्तांतरित होगी। कुम्हार रामसाय कहते हैं कि पहले तो इतनी सुविधा नहीं थी, लेकिन अब इलेक्ट्रॉनिक चाक से ही काम करते हैं। कुम्हार नरेंद्र बताते हैं कि हमारे पास 500 किलो मिट्टी आती है तो उसे तोड़ने में 2 घंटे का समय लगता है। डिजाइनर दीये भी हमारा ही काम है।

# दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




































## खबर संक्षेप

### मरीन ड्राइव पर बांटी रंगोली, दीये और पटाखे, सांसद बृजमोहन हुए शामिल

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा निशुल्क दीया, रंगोली और पटाखे वितरित किए गए। इस मौके पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पिछले सात दिनों से सिंधी काउंसिल का अभियान एक दीया श्रीराम के नाम पर निशुल्क रंगोली, पटाखे, दीये आदि का वितरण किया जा रहा है। हजारों की संख्या में सामग्री वितरित की जा चुकी है। सिंधी काउंसिल की पूरी टीम का यह कार्य सराहनीय है। इसी दौरान सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, दस हजार रंगोली पैकेट एवं एक लाख दीए साथ में चार हजार पटाखा किट पिछले सात दिन से अलग-अलग स्थानों में वितरित किए जा चुके हैं। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक नितिन कृष्णानी, पार्षद अमर गिदवानी, काजल सचदेव, नितिन कृष्णानी, तेजकुमार बजाज, किशोर आहूजा, नरसा लालवानी, सुरेश सचदेव, निलेश तारवानी, जीतू लोहाना, जतिन नचरानी, सुमीत आठवानी, डॉ. एनडी गजवानी, रितेश वाधवा, धनेश मटलानी उपस्थित थे।

### धर्म मजबूरी में नहीं, मंजूरी से करना चाहिए : मनीष सागर महाराज

**रायपुर।** धर्म को मजबूरी में नहीं, बल्कि अपनी स्वेच्छा और पूर्ण मंजूरी से करना चाहिए। ये सीख उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागर महाराज ने रविवार को दीपावली के अवसर पर जारी विशेष प्रवचनमाला में दी। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि धार्मिक आचरण और आस्था का आधार केवल बाहरी दबाव नहीं, बल्कि आंतरिक प्रेरणा और समझ होनी चाहिए। जब हम अपने मन और हृदय से धर्म का पालन करते हैं, तब वह हमारे जीवन में सच्चे अर्थ और गहराई को जोड़ता है। विवेकानंद नगर स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी प्रवचनमाला में उपाध्याय भगवंत ने कहा कि आज पूजा व धर्म कार्य शांत रहकर नहीं कर पाते, चंचलता बहुत तेज होती है, बल्कि संसार के काम बहुत शांति से करते हैं। फिल्म देखना, नोट गिनना, गाड़ी चलाना, क्रिकेट देखना, फोन देखना सभी में शांति चाहिए। इनमें कोई व्यवधान नहीं होना चाहिए। कोई शोर करता है तो शांत करते हैं। जब धर्म की बात आती है तो हड़बड़ाहट होती है। हर क्रिया चाहे वह स्वाध्याय हो, प्रवचन हो, पूजा हो, सब फटाफट करते हैं। सुबह-सुबह धर्म करने का समय है, लेकिन कोई दूसरा कार्य उदय आ जाए तो समझौता कर धर्म को किनारे कर देते हैं। धर्म अनिवार्य आवश्यकता नहीं लगती है। जबकि धर्म के प्रति समर्पण आपको ऊंचाइयों तक ले जाता है।

# आसना में स्थापित होगा छत्तीसगढ़ का पहला वन विज्ञान केंद्र

## आदिवासियों और किसानों की आजीविका को मिलेगी नई उड़ान, बस्तर को मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में वन आधारित अर्थव्यवस्था और ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। आसना पार्क में प्रदेश का पहला वन विज्ञान केंद्र स्थापित होने जा रहा है। संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से पांच किलोमीटर दूर स्थित वन विज्ञान केंद्र की स्थापना में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप का विशेष प्रयास रहा है। उनकी पहल पर केंद्र को स्वीकृति मिली है।

इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के कारण वनोपजों की गिरती मात्रा को रोकने के साथ अधिक उत्पादन के लिए शोध करते हुए ग्रामीणों की आय को तेजी से बढ़ाना है। यह केंद्र न केवल स्थानीय समुदायों की आर्थिक स्थिति को सशक्त करेगा, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 100 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले आसना वन विज्ञान केंद्र वन आधारित आजीविका को




बढ़ावा देने का एक मॉडल बनेगा। केंद्र में स्थानीय आदिवासियों और वनकर्मियों को कृषि-वानिकी, औषधीय पौधों की खेती, वनोपज के मूल्य संवर्धन, मधुमक्खी पालन और मशरूम उत्पादन जैसी नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यहां सागौन और हल्दी जैसी फसलों के साथ मिश्रित खेती के मॉडल किसानों को आय और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में मदद करेंगे। इसके साथ ही यहां सर्पगंधा, अश्वगंधा, ब्राह्मी जैसे पौधों की खेती, जिसमें भंडारण और प्रसंस्करण की तकनीकों पर विशेष जोर रहेगा। इस केंद्र में इमली, गोंद और महुआ जैसे वनोपज के प्रसंस्करण से लोगों की आय में वृद्धि होगी। यहां मधुमक्खी पालन और मशरूम उत्पादन जैसे मॉडल ग्रामीणों को नए रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। वन विज्ञान केंद्र को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिसमें व्याख्यान कक्ष, प्रदर्शन हॉल और प्रशिक्षुओं के लिए आवासीय सुविधाएं रहेंगी। साथ ही मृदा परीक्षण, पानी की गुणवत्ता विश्लेषण और औषधीय पौधों की गुणवत्ता जांच के लिए आधुनिक प्रयोगशाला भी स्थापित की जाएगी। दुर्लभ और संकटग्रस्त वन प्रजातियों के संरक्षण के लिए जर्मप्लाज्म संरक्षण इकाई भी बनेगी यह केंद्र केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहेगा। भविष्य में इसे उच्च स्तरीय शोध केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां वन्य उत्पादों के उत्पादन और प्रसंस्करण पर वैज्ञानिक अनुसंधान होगा। यह स्थानीय उत्पादों को बेहतर गुणवत्ता के साथ बाजार तक पहुंचाने में मदद करेगा, जिससे ग्रामीणों को अधिकतम लाभ मिलेगा। बस्तर वनमंडल के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि वनांचल विज्ञान केंद्र आसना बस्तर के आदिवासी समुदायों के लिए एक नई सुबह लेकर आएगा। यह केंद्र पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़कर स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाएगा।

## पूरे प्रदेश में अप्रैल 2019 के पूर्व 52.48 लाख रजिस्टर्ड वाहन

# 15 फीसदी पुरानी गाड़ियों में लग पाई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

## रायपुर में पंजीकृत 13 लाख गाड़ियों में से ढाई लाख गाड़ियों में एचएसआरपी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राजधानी सहित प्रदेश में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम कछुआ चाल से चल रहा है। राज्य में 10 माह पूर्व हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम शुरू किया गया। इन दस महीनों में अप्रैल 2019 के पूर्व पुराने वाहन 52.48 लाख गाड़ियों में से महज 8 लाख 62 हजार में ही एचएसआरपी लग पाई है। एचएसआरपी लगाने अब तक कुल 10 लाख 91 हजार लोगों ने आवेदन किया है।

कुल पंजीकृत वाहनों की संख्या के आधार पर अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ियों में से महज 15.29 प्रतिशत गाड़ियों में एचएसआरपी लग पाई है। इस लिहाज से प्रतिदिन औसतन तीन हजार गाड़ियों में एचएसआरपी लगाई जा रही है। जिन पाइंट में एचएसआरपी लगाई जा रही है, वहां काउंटर खाली हैं। पूर्व में ट्रैफिक पुलिस तथा परिवहन विभाग के अफसरों ने बगैर एचएसआरपी नंबर गाड़ियों की चालानी कार्रवाई शुरू की थी। इसके बाद




एचएसआरपी लगवाने वालों की संख्या में वृद्धि हुई थी। जितने पुराने वाहन है, परिवहन कार्यालय में ज्यादातर गाड़ियों की रिकार्ड दुरुस्त नहीं है। इस वजह से ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने पर उन वाहन चालकों के खिलाफ ऑनलाइन चालानी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने पर परिवहन कार्यालय में रिकार्ड सुधर जाएगा। इसके बाद ट्रैफिक उल्लंघन करते आईटीएमएस के तहत लगाए गए कैमरे में कैद होंगे। इसके बाद वाहन चालक के पास ऑनलाइन चालान पहुंचेगा। इस वजह से भी पुराने वाहन के मालिक अपनी गाड़ियों में एचएसआरपी लगवाने से बच रहे हैं। जिन पुरानी गाड़ियों में एचएसआरपी नंबर नहीं लगा है, उन गाड़ी मालिकों के खिलाफ परिवहन के साथ ट्रैफिक पुलिस ने जुलाई, अगस्त तक अभियान चलाने के साथ समझाइश देने का काम किया। कार्रवाई से बचने लोग अपनी पुरानी गाड़ियों में एचएसआरपी लगवाए। इसके बाद कार्रवाई बंद कर दी गई। कार्रवाई बंद होने के बाद वाहन मालिक एचएसआरपी लगवाने अनदेखी कर रहे। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के अनुसार, जिन पुरानी गाड़ियों में एचएसआरपी नहीं लगा है। दीपावली के बाद उन गाड़ी मालिकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। रायपुर में अप्रैल 2019 के पूर्व 13 लाख 24 हजार पंजीकृत गाड़ियां है, जिनमें से 2 लाख 62 हजार गाड़ियों में एचएसआरपी लग पाई है।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में चलेगा स्वच्छता अभियान देनी होगी दैनिक रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

उच्च शैक्षणिक संस्थानों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जाने की तैयारी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा यह विशेष अभियान विश्वविद्यालयों के लिए चलाया जाएगा। इस अभियान को 5.0 नाम दिया गया है। विवि के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में स्वच्छता बनाए रखना और लंबित मामलों का निस्तारण करना है। अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष जोर दिया जाएगा। स्वच्छता अभियान के नाम पर केवल खानापूर्ति ना हो, इसके लिए भी उपाय किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालयों के साथ ही उनसे संबद्ध महाविद्यालयों को भी दैनिक रिपोर्ट पेश करनी होगी। इसके माध्यम से उन्हें बताना होगा कि संबंधित दिनांक को उन्होंने यूजीसी अभियान के अंतर्गत कौन से कार्य किए।

**इलेक्ट्रॉनिक समानों की बनाई जाएगी सूची, जिनका हो सकता है दोबारा इस्तेमाल**

संस्थानों को स्वच्छता अभियान के पहले और बाद की तस्वीरें उपलब्ध करानी होंगी। प्रत्येक संस्थान को कम से कम दस तस्वीरें सब्मिट करनी होगी। उन्हें यह बताना होगा कि संस्थान में उपलब्ध संसाधनों का उनके द्वारा किस तरह से अधिक से अधिक उपयोग अभियान को सफल बनाने में किया गया है। यूजीसी इस अभियान की निगरानी करेगा और संस्थानों की प्रगति का मूल्यांकन करेगा। उच्च शैक्षणिक संस्थानों को सोशल मीडिया पर भी इस अभियान संबंधित जानकारी साझा करने कहा गया है ताकि अधिक से अधिक छात्र और पालक इससे जुड़ सकें।

### साझा किया लिंक

यूजीसी ने विश्वविद्यालयों के लिए लिंक भी साझा किया है। इसके माध्यम से यूजीसी द्वारा मांगी गई जानकारी विश्वविद्यालयों को देनी होगी। एक गूगल फॉर्म भी तैयार किया गया है। इनमें उन वस्तुओं की सूची तैयार होगी, जिसे साफ-सुथरा कर पुनः उपयोग में लाया जा सकता है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जानकारी प्रमुखता के साथ देनी होगी। यूजीसी द्वारा यह लिंक पहले ही साझा की जा चुकी है, लेकिन अधिकतर विश्वविद्यालयों में इसमें अधिक दिलचस्पी नहीं ली है। ऐसे में यूजीसी ने अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है।

### इधर, इग्नू ने बढ़ाई तिथि

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2025 टर्म-एंड परीक्षाओं के लिए पंजीकरण की समय सीमा को आग बढ़ा दिया है। ऐसे में इच्छुक और योग्य उम्मीदवार अब 26 अक्टूबर तक बिना विलंब शुल्क के ओडीएल और ऑनलाइन दोनों कार्यक्रमों के लिए अपने आवेदन पर जमा कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर थी। इसके अलावा 1100 रुपए के विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने की सुविधा 27 से 31 अक्टूबर तक उपलब्ध रहेगी।

# युवक का अपहरण कर यूपीआई से ट्रांसफर कराए 80 हजार, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

पंडरी पुलिस ने युवक तथा उसके साथी का अपहरण कर यूपीआई से 80 हजार रुपए ट्रांसफर कराने के आरोप में दो नाबालिगों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने लूट की रकम से आईफोन खरीदा था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। घटना तीन दिन पूर्व पंडरी थाना क्षेत्र की है। सिलतरा निवासी तरुण यदु की शिकायत पर पुलिस ने दलदल सिवनी निवासी अनस अशरफी, शाहनवाज खान तथा उसके दो अन्य नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है। तरुण ने पुलिस को बताया कि 17 अक्टूबर को वह घर के लिए लाइट खरीदने शंकर नगर गया था। वापस लौटने के दौरान तरुण के दोस्त के पास एक कॉल आया। इसके बाद दोनों दलदल सिवनी गए। वापसी के दौरान दलदल सिवनी के पास बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाश तरुण के पास पहुंचे और कुछ पूछने लगे। इसी दौरान एक बदमाश ने कहा, ये वही लोग हैं, कहते हुए डरा-धमकाकर अपने साथ चलने मजबूर किया। सुनसान जगह पर ले जाकर एक बदमाश ने तरुण के गले में पेंचकस से हमला कर उसके मोबाइल से यूपीआई के माध्यम से अनस के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कराए।

### बीएएमएस-बीएचएमएस प्रवेश का दूसरा दौर दिवाली के बाद, 270 सीटें हैं खाली

रायपुर। आयुर्वेद और होम्योपैथी के स्नातक पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश के दूसरे दौर की प्रक्रिया दिवाली के बाद पूरी की जाएगी। प्रथम चरण के प्रवेश के बाद दोनों विषयों की 270 सीटें खाली है। काउंसिलिंग के दौरान दो दिन पहले जारी आवंटन सूची को रद्द कर दिया गया था। राज्य में बीएएमएस का पाठ्यक्रम दो शासकीय सहित आठ आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालयों संचालित होता है। वहीं बीएचएमएस की पढ़ाई एकमात्र निजी कालेज में होती है। आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद और होम्योपैथी विषयों के स्नातक कुल 596 सीटों पर वर्ष 2025-26 सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पहले दौर के प्रवेश के बाद दोनों विषयों की 270 सीटें खाली है, जिसके लिए द्वितीय चरण का काउंसिलिंग पूरी की जा रही है। पुराने शेड्यूल के अनुसार दो दिन पहले जारी आवंटन सूची को रद्द किया गया है।

epaper- www.haribhoomi.com

हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है- मैनेजर 1पद (25वर्ष से ऊपर) एवं झाड़ू पोछा हेतु कर्मचारी चाहिए वेतन 10000 भोजन आवास ग्रामीणों को निःशुल्क ओरिजनल आईडी सहित सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898, 9406390898 (38928)

आवश्यकता है- ऑफिस में साफ सफाई, अन्य कार्य हेतु 2 कर्मचारी चाहिए योग्यता 8वी, स्वयं का वाहन आवश्यक। स्थानीय को प्राथमिकता पेमेंट 6000 से 12000 पता- थायरोकेअर सर्विसेस तिलक नगर बिलासपुर 7869861230 (38922)

आवश्यकता है- सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग एवं फिटिंग के लिए युवकों एवं एक चौकीदार चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- पारस इंटरप्राइजेज GF-26, अम्बे अंजनी ई प्लाजा, सीएमडी कॉलेज चौक, बिलासपुर 9826598526, 98932 81946 (38923)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़को की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सरस्वती एजेन्सीज 53, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर 9827177772 (38921)

आवश्यकता है- आफिस कार्य हेतु रिसेप्शनिस्ट लड़की एवं सेल्स कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- डिजिटल सिक्योरिटी सर्विस सुपर मार्केट थर्ड फ्लोर अग्रसेन चौक बिलासपुर 9009966619, 9669932199 (38927)

**राजीव लोचन आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज**
चंदखुरी दुर्ग (छ.ग.)

आयुर्वेद पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश सूचना

छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा (आयुष) मंत्रालय द्वारा अनुमति तथा छत्तीसगढ़ सह-चिकित्सा परिषद छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त एक वर्षीय पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।

| क्र. | पाठ्यक्रम | सीटों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आयुर्वेद कम्पाउंडर | 30 |
| 2. | पंचकर्म सहायक (तकनीशियन) | 30 |

योग्यता :- 10 + 2 प्रणाली की बायोलॉजी विषय के साथ छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल अथवा समकक्ष मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण

आवेदन शुल्क 1000/- रू. का बैंक ड्राफ्ट/नगद के साथ अंतिम तिथि 29.10.2025 तक सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ महाविद्यालय के पते पर सीधे/ डाक द्वारा कार्यालयीन अवधि में आवेदन पत्र जमा किए जा सकते हैं।

1. शासकीय /निजी संस्थान में नियुक्ति हेतु मान्य
2. छत्तीसगढ़ शासन पैरामेडिकल कांउसिल द्वारा पंजीयन

विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र हेतु महाविद्यालय के वेबसाइट www.rlamcollege.org का अवलोकन करें।

आवश्यकता है- एजेंसी में कार्य, बिलिंग करने, प्रोडक्ट देने हेतु युवक और एक अनुभवी शिक्षित मार्केटिंग मैनेजर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- शिवा इन्टरप्राइजेस अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 70677124226, 98930 81826 (38916)

आवश्यकता है- मिडिल स्कूल हेतु अनुभवी महिला शिक्षिकाओं की आवश्यकता है अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु दिनांक 19.10.2025 रविवार को सुबह 10 बजे पहुंचे पता आशीष गुरूकुल लिंगियाडीह अपोलो हॉस्पिटल के पास बिलासपुर 9893920442, 942521 9094 (38919)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9241054300 (590)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

**बेचना**

बेचना है-परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्व सुविधायुक्त 2BHK मकान 25लाख एवं 3BHK मकान 27लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 98842 61185, 9827404638 (38838)

बेचना है- प्राइम लोकेशन मोपका सेन्दरी बाईपास बैमा नगोई चौक वैष्णव देवी मन्दिर के पास 3 एकड़ भूमि बेचना है कॉलोनी, शादी भवन, इन्वेस्टमेंट के लिए उपयुक्त सम्पर्क करें- 9300353688 (38926)

बेचना है- उषालता काम्पलेक्स में किम्स हॉस्पिटल के सामने मगरपारा रोड में फर्स्ट (1st) फ्लोर में फ्रंट साइड की दुकान 450 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 8964980000, 9826681000 (38924)

बेचना है- गुलाब नगर मोपका के अन्दर 7485 वर्गफुट का डायवर्टेड प्लॉट एक मुश्त बेचना है सम्पर्क करें- 9827896182, 9827955199 (38929)

बेचना है-हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

बेचना है - यदुनंदन नगर तिफरा में पूर्व मुखी लाल ईट से बना डबल स्टोरी न्यू 3BHK मकान फालसीलिंग मॉड्यूलर किचन, स्टील रेलिंग, सीसी रोड, सागौन दरवाजा, कामन बोर, कीमत 40लाख सम्पर्क- 7987166040 (38925)

बेचना है- प्रियदर्शनीय (अज्ञेय) नगर अग्रवाल कॉलोनी में 3520 वर्गफुट डबल रोड का प्लाट बेचना है मो.8349342897 (38918)

बेचना है-मोपका (चिल्हाटी) LIC city (साईं विहार कॉलोनी) में TNC रेरा एप्रूव्ड, रेडी पोजीशन में 3BHK मकान 44 लाख में उपलब्ध है बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9827404638, 90391 04638 (38839)

बेचना है - बिलासपुर में प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK स्वतन्त्र मकान बेचना है फाइनेंस सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें- 6265041277, 8461997770 (325)

बेचना है- मंगला अमन विहार में 3BHK डबल मंजिल न्यू कंस्ट्रक्शन शानदार लोकेशन में मकान बेचना है कीमत 32 लाख सम्पर्क करें- 93012 27779 (38930)

बेचना है-मंगला लोखंडी मुख्य मार्ग पर पूर्ण विकसित आवासीय प्लाट, बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड, मन्दिर, नाली, बैंक फाइनेन्स सुविधा। मात्र 899/- प्रति वर्गफीट में दीपावली तक बुकिंग पर रजिस्ट्री फ्री सम्पर्क- 9713666001 (38858)

बेचना है- शांती नगर बिलासपुर के शिवम रेसीडेन्सी अपार्टमेन्ट में थर्ड फ्लोर में स्थित 800 वर्ग फुट का सर्व सुविधा युक्त 2BHK फ्लैट नम्बर सी-304, बेचना है सम्पर्क करे 9827158035 (38907)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**व्यापार**

व्यापार-जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रति माह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें-APS इंटरप्राइजेस रायपुर-9111760925, 99776 76447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर-88278 48099 (302)

**सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**CLASSIFIED RATE CARD**
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |


CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

# दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...











































































संकलनकर्ता:- जयकुमार ताम्रकार, जिला प्रतिनिधि जिला कार्यालय हरिभूमि मुंगेली मो. 9303508230

## खबर संक्षेप

### सायकल पाकर खिले बालिकाओं के चेहरे



**जरहागांव।** शासकीय हाई स्कूल सेमरचुवा में सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को सायकल वितरित की गई। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष जरहागांव नागेश्वर जायसवाल, जनपद सदस्य वेदमंडल ध्रुव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, सरपंच टेकलाल पटेल की उपस्थिति रही। मंडल अध्यक्ष नागेश जायसवाल ने कहा कि, अब बेटियां अपनी सायकल में स्कूल आएंगी। सरकार की यह योजना यकीनन शिक्षा के प्रति जागरूकता ला रही है। शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने कहा कि, बेटियों को सायकल मिलने से उनका मनोबल बढ़ा है। इस मौके पर चंद्रभान जायसवाल, रामगोपाल दीक्षित, सुभाष यादव, किशुन ध्रुव, भंगी श्रीवास, कमलेश मरकाम, शाला के प्रभारी प्राचार्य सुभाष चतुर्वेदी, अमृता सोनल सिंह उपस्थित रहे। यह जानकारी संकुल समन्वयक गौकरण डिंडोले ने दी।

### चिरायु टीम ने की 97 बच्चों की सिकलसेल जांच



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ 'रजत जयंती' के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु टीम ने शास पूमा शाला सेमरसल में स्वास्थ्य कैम्प लगाया। इस दौरान 97 छात्र-छात्राओं की सिकलसेल एनीमिया जांच की गई। साथ ही सिकलसेल एनीमिया रोग से संबंधित जानकारी दी गई। इसके बचाव के तरीके के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि, यह एक वंशानुगत बीमारी है। इसके बारे में जानकारी होने से इस बीमारी को अगली पीढ़ी में जाने से रोका जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान चिरायु टीम के डॉ गीतिका बाजपेयी आयुष चिकित्सा अधिकारी, डॉ भूपेंद्र वाद्यकार आयुष चिकित्सा अधिकारी, अजीत पैकरा फार्मासिस्ट, नीरा सिंह एएनएम, प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप, शिक्षक राकेश पांडेय, राजकुमार कश्यप, उमाशंकर सिंह राजपूत एवं पुष्पा चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

### पथ संचलन कर दिया गया राष्ट्रीय एकता का संदेश



**लोरमी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर लोरमी मंडल में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष खेमूदास ढिंढे तथा मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत कार्यवाह चंद्रशेखर देवांगन उपस्थित रहे। उन्होंने आरएसएस के 100 वर्ष के सफर से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां की। साथ ही उन्होंने पंच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वयं का बोध एवं नागरिक कर्तव्य विषयों से अवगत कराते हुए सभी से इसे अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। इस मौके पर नगर के तीन अलग-अलग स्थानों महामाया मंदिर, रेस्ट हाउस, तथा रानीगांव अटल परिसर से पथ संचलन यात्रा निकाली गई एवं तीन दिशाओं से संगम के रूप में मिलकर नगर के नौलखा चौक से कबीर भवन तक घोष के ताल पर स्वयंसेवको ने पथ संचलन किया। पथ संचलन में ग्राम, नगर के स्वयंसेवकों के साथ-साथ खंड, जिला एवं विभाग के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

### 76 छात्राओं को प्रदान की गई साइकिल




**पथरिया।** शासकीय हाई स्कूल पथरिया में निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं एवं 10वीं कक्षा की 76 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, स्कूल के जन भागीदारी अध्यक्ष प्रमोद साहू, आत्मानंद स्कूल के जन भागीदारी अध्यक्ष गणेश प्रसाद सोनी, पथरिया कॉलेज के जन भागीदारी अध्यक्ष रघुनंदन कर्माकर, मंडल महामंत्री बलराम जयसवाल, पार्षद एवं सभापति इंद्रजीत यादव, देवेंद्र डडसेना, मीडिया प्रभारी महेंद्र गुप्ता, इकाई अध्यक्ष विक्की साहू, नर्मदा पांडेय, वीरेंद्र यादव, प्राचार्य नागेश्वर सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## नरक चौदस पर की गई यमराज की पूजा

# आज मनेगी दिवाली, घर-घर होगी लक्ष्मी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

दीप पर्व के दूसरे दिन नरक चौदस के अवसर पर यमराज की पूजा की गई। नरक चौदस के दिन मिट्टी के चौदह दीए बनाकर घर के दरवाजे पर प्रज्वलित किए गए। यमराज की पूजा करते हुए तिलक, आरती एवं होम दिया गया। इस मौके पर लोगों ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर अपने आसपास का वातावरण रंगमय कर दिया।

कार्तिक अमावस्या को आज माता लक्ष्मी की आराधना का पर्व दीपावली मनाया जाएगा। लोग अपने परिवार के साथ विधि विधान से माता लक्ष्मी की पूजा कर उनकी कृपा पाने की कामना करेंगे। रंगोली व फूलों से घर की सजावट की जाएगी एवं दीपों चारों तरफ दीप जलाए जाएंगे। दीवाली पर बच्चे पटाखे जलाकर जमकर आतिशबाजी करते हुए उत्साह के साथ त्योहार मनाएंगे। पंडित संतोष पाठक ने बताया कि, दीपावली का पर्व मां लक्ष्मी की आराधना का विशेष पर्व है। इससे सुख-समृद्धि व धन-धान्य से परिपूर्ण होगी। कार्तिक का महीना लक्ष्मी प्रदान करने वाला होता है, क्योंकि इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा का पर्व दीपावली मनाई जाती है। दीपावली के दूसरे दिन सुबह से ही गौ माता के लिए भोजन बनाया जाता है। दीपावली मां लक्ष्मी की दीप वाली मूर्ति की विशेष पूजा की जाती है, इसमें नौ, सात व पांच दीप होते है। दीपावली में इसी दीप को जलाकर मां लक्ष्मी की आराधना की जाती है। इसके साथ ही पूजा के लिए मिट्टी के दीप भी उपयोग में लाए जाते हैं। दीपावली पर घरो की सुंदरता का खास ख्याल रखा जाता है। घर को सजाने-संवारने के लिए



घर के बाहर दीप प्रज्वलित करती महिला।

लोग कई तरह से तैयारी करते हैं, जिसमें तोरण व आर्टिफिशियल फूलों की सजावट भी शामिल है। घरों को सजाने-संवारने के लिए बाजार में विभिन्न प्रकार के फूल व तोरण उपलब्ध है। दीपावली पर कुछ साल पहले तक आम की पत्ती को तोड़कर रंगोली धागा या नारियल की रस्सी में सात, नौ व ग्यारह की संख्या मे पिरोकर घर की चौखट पर सजाया जाता था। समय के साथ अब लोग गेंदे के फूल व आर्टिफिशियल तोरण का इस्तेमाल करने लगे है। अलग-अलग डिजाइन व रंग में आकर्षक तोरण की खासी डिमांड बाजार में है, और इसकी बिक्री भी जमकर हो रही है।ीपावली पर मां लक्ष्मी के साथ ही पूजा घर में मौजूद सभी भगवान की मूर्तियों को माला पहनाई जाती है।




### छात्राओं ने सजाई रंगोली

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर स्वामी आत्मानंद स्कूल में दीपावली पर्व के अवसर पर 'पहल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ ईश्वर प्रसाद यादव ने बच्चों को कार्यक्रम के उद्देश्यों को समझाते हुए अपने-अपने घरों में एक दीया 'पहल' के नाम जलाने को प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि, जिस तरह पहल टीम विभिन्न अपराधो एवं नशा से बचाने के लिए कार्य कर रही है, उसी प्रकार हम भी अपने अंदर की बुरी आदतों को दूर करे और हमेशा अच्छाइयों को अपनाते हुए सफल जीवन जीना चाहिए। पहल टीम से पुलिस बालमित्र रोशना डेविड के नेतृत्व में स्कूल के बच्चो ने रंगोली बनाई एवं दीयों को सजाया। साथ ही ड्राइंग के माध्यम से 'एक दिया पहल के नाम' जलाने का घर-घर संदेश पहुंचाया गया। इस मौके पर बच्चो ने अपराधो एवं नशा से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चो में खुशियां एवं उमंग देखने को मिला।

## पुरखों की स्मृति में ग्रामीणों ने जलाए दीये, अर्पित की श्रद्धांजलि



**लोरमी।** छोटी दीपावली के अवसर पर 'एक दीया पुरखा के सुरता मा' थीम पर क्षेत्र और गांव में पहली बार सामूहिक रुप से दोनों मुक्तिधाम में दीपदान उत्सव का आयोजन किया गया। गांव के दिवगंत पुरखों के तैल चित्र की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सभी स्वर्गवासी पुरखों को याद करते हुए उनके गांव की तरक्की में उनके योगदान को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक सरपंच प्रतिनिधि त्रिलोक कोशले ने पुरखों को नमन करते हुए कहा कि, गांव का प्रत्येक व्यक्ति गांव के विकास में भागीदार होता है। इन दिवगंत आत्माओं ने अपने जीवन काल तक गांव को जो कुछ दिया है, उसके हम सभी ऋणी हैं। मालिक यादव ने कहा कि, पुरखों को दीपदान करने का मुख्य महत्व उनकी आत्मा की शांति के लिए है, ताकि वे मोक्ष प्राप्त कर सकें और उनकी आत्माओं को शांति मिले। कार्यक्रम का संचालन भुनेश्वर रावल पंच व आभार सोन दास बंजारे ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप चंद्रबली चतुर्वेदी, गिरवर कोशले, हेमंत खांडेकर, अश्वाराम अनंत, मालिक राम यादव, रामकुमार साहू पंच, रेशम कोशले पंच, ओमप्रकाश चतुर्वेदी, धरम कोशले, सुरेश कुर्रे, मेलन यादव, रामेश्वर साहू, राजेश निषाद, शिवदयाल यादव पंच, योगेश कांत, भागवत रात्रे, कोमल कुर्रे, कुंजल निषाद, प्रहलाद साहू, दिनेश साहू, प्रकाश गायकवाड, कन्हैया मोहले, नोहर बांधे आदि मौजूद थे।

## दीपावली पर बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने कर्मचारी मुस्तैद



**मल्हार।** दीपावली की खुशियों को यादगार बनाने लोग अपने अपने तरीके से लगे हैं। खासकर नौकरी पेशा वाले लोग भी इस दीपावली की छुट्टियों को अपने परिवार के साथ मना रहे हैं। वहीं, बिजली विभाग के कर्मचारी आम लोगों की खुशियों में कोई खलल ना पड़े, इसलिए दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार पर भी अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। दीपावली का यह पर्व मुख्य रूप से उजाला पर ही आधारित है, जिसके लिए बिजली का होना सबसे महवपूर्ण है। इस बार भी लोगों ने घरों की आकर्षक लाइट से सजावट की है, ऐसे में सभी को बिजली गुल ना होने की उम्मीद रहेगी। लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने ये बिजली विभाग के कर्मचारी भी लगे हुए हैं एवं त्योहार में बिजली व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने गांव-गांव में घूम रहे हैं। रविवार को भी मल्हार सब स्टेशन के कर्मचारी कमल साहू, उमेश लहरे, किशन घोष, सुरेश साहू, धनसाय ने मेला चौक में बिजली व्यवस्था बनाए रखने देर रात तक उपस्थित रहे। इन कर्मचारियों का कहना है कि, लोगों के घरों में उजाला देखने से हमें सुकून मिलता है। खासकर ऐसे महत्वपूर्ण त्योहार पर, जिसका इंतजार सभी को होता है।

## लेखूराम बने तहसील साहू संघ के अध्यक्ष



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के दिशा-निर्देश एवं जिला साहू संघ के मार्गदर्शन में तहसील साहू संघ का निर्वाचन 16 अक्टूबर गुरुवार को मां वैष्णवी मंगलम भवन बिलासपुर रोड दाऊपारा में संपन्न हुआ। इसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं पीठासीन मुनषराम साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी नन्हे राम साहू, लक्ष्मण प्रसाद साहू, बलदाऊ प्रसाद साहू, पुहुप साहू, बोधी राम साहू रहे।

तहसील साहू संघ के निर्वाचन अधिकारियों ने सर्वसहमति से सभी सामाजिक पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया। तहसील अध्यक्ष के रूप में फिर से डॉ लेखूराम साहू को चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष दानीराम साहू, महिला उपाध्यक्ष जानकी रामकुमार साहू, संगठन सचिव पुरुष लखनलाल साहू, महिला संगठन सचिव माया लेखराम साहू को चुना गया। निर्वाचन अवसर में बलदाऊ साहू संरक्षक, पुहुप साहू जिलाध्यक्ष, हीरालाल साहू महामंत्री, राकेश साहू, तुलसी साहू, दुकाल साहू, डॉ रामकुमार साहू, रमेश साहू, गोवर्धन साहू, बंशीलाल, मालिकराम साहू, लोकराम साहू, डॉ उमेश साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष मुंगेली नगर जितेंद्र साहू, निरजाम रामप्रसाद साहू, फंदवानी मनीराम साहू, सांगवाकापा निरंजन साहू, चारभाटा मेलाराम साहू, चकरभाठा पुनाराम साहू, करही बराती साहू, छटन दिलीप साहू, सिपाही कैलाश साहू, टेढ़ाधौरा राजेंद्र साहू, टेमरी संतोष साहू, पंडरभट्टा जनक साहू, चूड़ामणि साहू युवा प्रकोष्ठ, लक्ष्मी साहू महिला प्रकोष्ठ, धर्मेंद्र साहू, दिनेश साहू, रामभरोस साहू, लालाराम साहू, इतवारी साहू, धनसाय साहू, अजय साहू पार्षद, ढेलाऊ साहू, रेखा साहू, गीतेश साहू, डॉ जित्तू साहू, पवन साहू, महेंद्र साहू, छत्रपाल साहू, रवि साहू, कुंदन साहू, संदीप साहू, भारत साहू, देवचरण साहू, प्रभात साहू, डीपी साहू, मुकेश साहू, गणेश साहू, श्रवण साहू, सुरेश साहू, रामकुमार साहू, सेवप्रकाश साहू, दुखीराम, लक्ष्मीनारायण, नेतराम साहू, सुरेन्द्र साहू, खेमचंद, धनुष, दुजराम साहू, यशवंत साहू, शत्रुहन साहू सहित अधिक संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## राजनीति विज्ञान पर उन्मुखीकरण कार्यशाला



**मल्हार।** मिशन 90 प्लस के तहत 16 सितम्बर को सेजेस महारानी लक्ष्मीबाई उमा विद्यालय बिलासपुर में राजनीति विज्ञान कक्षा 12वीं के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मोटिवेटर के रूप में नवोदय विद्यालय मल्हार के प्राचार्य मनोज श्रीवास्तव व डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर के उपप्राचार्य डॉ एमएस तंबोली उपस्थित रहे। मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि, जिले में अच्छे परिणाम लाने के लिए अच्छी कार्य योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ बच्चों को मिलेगा। डॉ तंबोली ने कहा कि, शिक्षक यदि चाह लें, तो अभाव में भी बच्चों को अच्छे मार्गदर्शन दें सकते हैं। कार्यक्रम में जितेंद्र खोब्रागढ़े ने मिशन 90 प्लस उन्मुखीकरण कार्यशाला के उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा कि, इस बार हमारा लक्ष्य टॉप तीसरे स्थान पर आना है, जिसके लिए हमें मेहनत करना होगा। विषय विशेषज्ञ के रूप में बूढ़ीखार के शिक्षक काशीराम रजक ने विषय पर बदलाव एवं ब्लूप्रिंट की जानकारी देते हुए कहा कि 90 प्लस लक्ष्य कोई कठिन कार्य नहीं लगता, अगर हम सब ठान ले तो कोई कठिन काम नही है। विषय विशेषज्ञ संगीता गुप्ता ने प्राविण्य सूची में बच्चों को लाने के लिए टिप्स दिए एवं विशेषज्ञ रेखा कौशिक ने कमजोर बच्चो को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है, इस पर अपने विचार रखे।

## पहल जागरुकता कार्यक्रम में शामिल हुए 756 विद्यार्थी



**लोरमी।** ग्राम खुड़िया के शासकीय उमा विद्यालय में 'पहल' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कुल 756 विद्यार्थियों सहित 200 की संख्या में ग्रमीण एवं पुलिस की टीम ने सक्रिय सहभागिता निभाई। जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य बालकों एवं युवाओं को सामाजिक, कानूनी तथा नैतिक रूप से सशक्त बनाना था, ताकि वे अपराधों, साइबर धोखाधड़ी, मादक पदार्थों की लत और अन्य सामाजिक कुप्रथाओं से दूर रह सकें। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को सुरक्षा उपायों, आधुनिक तकनीकों के साथ सतर्क रहने, तथा कानून पालन के महत्व के बारे में विस्तृत एवं तर्कसंगत जानकारी प्रदान की। साथ ही विद्यार्थियों को ये भी बताया गया कि, किस प्रकार वे अपने आसपास के लोगों को जागरूक कर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस बल के साथ संवाद किया, जो उनकी समस्याओं और आशंकाओं को सुनकर समाधान प्रस्तुत करने में सहायक रहा। आयोजकों ने यह सुनिश्चित किया कि, प्रत्येक छात्र इस आयोजन से अधिकतम लाभान्वित हो और युवाओं की चेतना एवं सामाजिक प्रतिबद्धता में वृद्धि हो। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों, प्रश्नोत्तर सत्रों और प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से छात्र-छात्राओं में सामाजिक सुरक्षा तथा नीतिगत जागरूकता का विस्तार किया गया। इस अवसर पर पुलिस टीम से डीएसपी संजय साहू, शत्रुहन खूंटे, बबीता श्रीवास, अंकुश, कोमल, चौकी प्रभारी खुड़िया माधव टांडिया, विद्यालय के प्राचार्य एसपी मरावी, जिपं सदस्य सिंदराम एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राज्यपाल के हाथों तृप्ति को मिला स्वर्ण पदक



**करगीरोड कोटा।** दिवाली की खुशी और उत्साह के बीच नगर की बेटी तृप्ति अग्रवाल ने नगर का नाम रोशन करते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के हाथों स्वर्ण पदक प्राप्त किया। दिवाली के पावन अवसर पर बेटी की इस उपलब्धि से परिवार की खुशी दोगुनी हो गई। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी और आनंद वन रिसार्ट के मालिक आनंद अग्रवाल की बेटी तृप्ति अग्रवाल ने बीबीए 2019 में टॉप किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तृप्ति ने दिल्ली विश्वविद्यालय के नार्थ कैम्पस से एलएलबी और डॉ सीवीरमन विवि से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की है।

## नगर के मुख्य चौक-चैराहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

नगरपालिका क्षेत्र में आने-जाने वालों पर अब 'तीसरी नजर' का मदद से निगरानी की जाएगी। नागरिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस अधीक्षक की मांग पर नगर के सभी मुख्य मार्गों पर उच्च तकनीक के सीसीटीवी कैमरे लगाने 45 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी।

सीसीटीवी लगाने का कार्य अब पूर्ण होने वाला है, बहुत जल्द जिले के मुख्य मार्गों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकेगी। पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम के कैमरा लगाने के लिए स्थानों का चयन पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण पश्चात किया गया है। इस मौके पर नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने कहा कि, लोरमी के नागरिकों की सुरक्षा एवं गैरकानूनी गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु 'तीसरी आंख' की पहल क्षेत्र के नागरिकों के प्रति उपमुख्यमंत्री अरुण साव की संवेदनशीलता का प्रतीक है। थाना प्रभारी



अखिलेश वैष्णव ने बताया कि, सीसीटीवी कैमरों की मदद से नगर की सड़कों पर अव्यवस्थित वाहन पार्किंग करने वालों से लेकर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंदन शर्मा ने कहा कि, कैमरे लगाने का कार्य अंतिम चरण में है। ट्रायल रन एवं आवश्यक सुधार के उपरांत यह सम्पूर्ण सुरक्षा प्रणाली पुलिस विभाग को हस्तांतरित कर दी जाएगी। नगर के व्यापारी वर्ग ने नगर सुरक्षा की दिशा में किए जा रहे इस प्रयास के लिए स्थानीय विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना है उद्देश्य

# बीजातराई में लोक नृत्य एवं गीत संगम कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली


जिले के मुंगेली विकासखंड संकुल केन्द्र बीजातराई में लोक नृत्य एवं गीत संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बीजातराई सरपंच डॉ राजीव सिंह ठाकुर उपस्थित रहीं। उक्त कार्य काम का प्रमुख उद्देश्य अपनी संस्कृति को बचाना एवं उसका प्रचार–प्रसार करना था।

रेखा देवांगन ने बताया गया कि, वर्तमान में बच्चे अपनी संस्कृति जैसे सुआ नृत्य दीपावली के अवसर पर गाए जाने वाले गीत को भूलते जा रहे हैं। इस आयोजन से बच्चे अपनी सांस्कृतिक धरोहर को समझ पाएंगे, तथा बड़े उत्साह से उनका आयोजन कर पाएंगे। कार्यक्रम में जिपं सदस्य रजनी मानिक सोनवानी, कमल लोचन टोण्डर, जनपद सदस्य नेम सिंह बोगी बारमते, एसएमडीसी अध्यक्ष मिलाप सिंह क्षत्रिय बीजातराई, हेमलता गबेल, एसएमसी अध्यक्ष कन्हैया गबेल, सरपंच खैरा सेतगंगा जय देवांगन, सरपंच सिंगारपुर राय सिंह गबेल, विमलेश कुमार माथुर, सुरेन्द्र यादव, वीरेंद्र यादव, अशोक बंजारे, बिसहुवा राम




चंद्राकर, शांति गबेल, पूर्व सरपंच मनोहर गबेल सहित नागरिक उपस्थित थे। साथ ही संस्था प्रमुख रेखा देवांगन, संकुल समन्वयक अरुण कुमार टंडन, सतीष वैष्णव, सिद्धराम देवांगन, राजकुमार चंद्रवंशी, उर्मिला देवांगन, पूर्णिमा देशमुख, रूपचंद जांगड़े, दादू सिंह राजपूत, संगीता टंडन, खूबचंद क्षत्रिय, राजेश गबेल, निरंजन जैन, राम जोगवंशी, सुरेश कुमार सोनी, बसंत आडीले, कमलेश कश्यप, स्मिता कौशल, पूनम सूर्यवंशी, चम्पा खांडेकर, श्रीमती गीता किरण सोनी, सुरेश बर्मन, खिलेश्वर दास मानिकपुरी, सीमा ठाकुर और गजराज सिंह सहित अन्य कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में लोक नृत्य और गीतों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

## रासेयो स्थापना दिवस पर हुईं विभिन्न गतिविधियां




**मल्हार।** संत गुरुघासीदास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पचपेड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर उन्मुखीकरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएसएस के जिला संगठक कांति अंचल ने विशेष शिविर की जानकारी दी एवं विशिष्ट अतिथि रेखा गुल्ला ने रक्तदान-नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ पीसी जायसी ने मतदान जागरूकता पर प्रेरक विचार साझा किया। प्राचार्य डॉ आरके जायसी ने अनुशासन और जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित किया। वहीं एमएम गुल्ला ने अंगदान के महत्व पर जानकारी दी। साथ ही धनेश रजक ने साइबर अपराध जागरूकता पर एवं रासेयो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में शनि कुमार बर्मन, आरजू कांत, ऐश्वर्य लक्ष्मी, परमेश्वर पाटले एवं शालिनी नायक उपस्थित रहे। खेल, डिजिटल वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, रंगोली, मेहंदी, निबंध, भाषण, गीत, कविता, नाटक आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन पविन्द्र कुमार जायसवाल एवं आभार व्यक्त कार्यक्रम अधिकारी सुनीता कुर्रे ने किया।

# दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...





































# गदर के बाद अब गबरू बनेंगे सनी देओल

**मुंबई।** रविवार 19 अक्टूबर को अभिनेता सनी देओल ने अपना 68वां जन्मदिन मनाया। इस खास अवसर पर अभिनेता की नई फिल्म की घोषणा हुई है, जिसके फर्स्ट लुक में सनी पाजी प्रभावी अंदाज में नजर आ रहे हैं। अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म का नाम 'गबरू' है। इस फिल्म को शशांक उदापुरकर ने लिखा और निर्देशित किया है। अभिनेता ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है। इसे साझा करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'शक्ति वो नहीं है जो आप दिखाते हैं, शक्ति वो है जो आप करते हैं! आप सभी के प्यार और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद।

लाइफ Style



# परिणीति

## छोटी दिवाली को किया बेबी बॉय का वेलकम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा के घर छोटी दिवाली के खास मौके एक बड़ी खुशखबरी सुनने को मिली है। इस कपल ने इस शुभ अवसर पर अपने घर में नन्हे कदमों का वेलकम किया है।

परिणीति चोपड़ा के पति राघव चड्ढा ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इस खुशखबरी को बताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बेटे को जन्म देने की खबर दी है और साथ ही एक खूबसूरत कैप्शन लिखा है। इस गुड न्यूज को शेयर करते ही कपल के फैंस खुशी से झूम उठे हैं और कमेंट सेक्शन में बधाई की झड़ी लग गई है। एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और पॉलिटिशियन राघव चड्ढा काफी समय से अपने घर पर नन्हे मेहमान के आने का इंतजार कर रहे थे और दोनों इसके लिए तैयारियों में लगे हुए थे। वहीं, रविवार सुबह ही एक्ट्रेस को हॉस्पिटल में एडमिट करने की खबरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई, जिसके बाद से ही फैंस बेसब्री से खुशखबरी का इंतजार कर रहे थे। वहीं, राघव ने इंस्टाग्राम पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, 'आखिरकार वो आ गया! हमारा बेटा और सच में हमें पहले की अपनी जिंदगी याद नहीं रहती! बाहें पूरी, हमारे दिल और भी पूरे। पहले हमारे पास हम दोनों थे, अब हमारे पास सबकुछ है। बहुत ही आभार के साथ परिणिती और राघव।'' आपको बता दें परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने इस साल 25 अगस्त को अपनी प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज दी थी।

हॉलीवुड मसाला



# चेहरे पर नकाब पहने दिखीं किम

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन मॉडल और एक्ट्रेस किम कार्दशियन इस समय सुर्खियों में हैं। वजह है उनका अतंरगा आउटफिट। एक्ट्रेस लॉस एंजिल्स के एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स में आयोजित पांचवें वार्षिक एकेडमी म्यूजियम गाला समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान वो बोल्ड लुक में नजर आईं, लेकिन उन्होंने अपना चेहरा पूरी तरह से ढक रखा था। किम अपने अनोखे और अलबेले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। एक बार फिर से एक्ट्रेस ने अपने नाटकीय अंदाज से सबको चौंका दिया। उन्होंने बेज रंग का आउटफिट पहना था और उनका चेहरा पूरी तरह से ढका हुआ था।




# द कलेक्टर और डॉक्टर डूलिटिल से मिली प्रसिद्धि

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश अभिनेत्री सामंथा एगर, जिन्हें द कलेक्टर में ऑस्कर-नामांकित भूमिका और डॉक्टर डूलिटिल में उनके यादगार अभिनय के लिए जाना जाता था। उनका 86 वर्ष की आयु में लॉस एंजिल्स में निधन हो गया। उनकी बेटी, अभिनेत्री जेना स्टर्न ने अपनी मां के अंतिम क्षणों को याद करते हुए तस्वीरें शेयर करते हुए भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की। सामंथा एगर का जन्म साल 1939 में हुआ था। अपनी दौर की वो सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक थीं। उनकी सबसे चर्चित फिल्म साल 1965 में आई, जिसका नाम था 'द कलेक्टर', जो मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म थी। इसमें उन्होंने टेरेंस स्टैम्प के साथ अभिनय किया था। मिरांडा ग्रे की उनकी दिलकश भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए अकादमी पुरस्कार नामांकन, साथ ही गोल्डन ग्लोब और कान फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।



# किसिंग सीन पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची

**मुंबई।** मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'थामा' को सेंसर बोर्ड ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट दिया है, यानि बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी उम्र के लोग इस फिल्म का मजा थिएटर्स में जाकर ले सकेंगे। लेकिन, साथ ही साथ कई जगहों पर बदलाव भी किए गए हैं, जो हो सकता है कि कुछ सीन्स का मजा फीका या आधा कर दें। सीबीएफसी ने तीन जगह पर ऑडियो कट लगाया है और एक सीन बदलने को कहा है। इसके अलावा भी कई जगहों पर छोटे-बड़े बदलाव किए गए हैं। सेंसर बोर्ड ने फिल्म के एक सीन में खून पीने की आवाज को कम किए जाने को कहा है। इसके अलावा एक जगह पर 'अलेक्जेंडर' की जगह 'सिकंदर' शब्द इस्तेमाल करने को कहा। फिल्म में एक जगह पर 'अश्वत्थामा' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जिसे बोर्ड ने म्यूट करने को कहा है।



# ली जंग ने शेयर की शाहरुख संग सेल्फी

**मुंबई।** शाहरुख खान सऊदी अरब के रियाद में जॉय फोरम इवेंट शामिल हुए। इस इवेंट में सलमान, आमिर खान भी मौजूद थे। लेकिन, स्क्विड गेम सीरीज एक्टर ली जंग जे जब शाहरुख खान के साथ सेल्फी शेयर की तो फैंस की खुशी ठिकाना नहीं रहा। यूजर्स ने इस सेल्फी पर जमकर रिएक्शन दिए हैं। शनिवार रात 'स्क्विड गेम' सीरीज एक्टर ली जंग जे शाहरुख खान के साथ इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की। इस सेल्फी के साथ एक कैप्शन लिखा, 'आइकन शाहरुख खान के साथ होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' सेल्फी में जी जंग और शाहरुख मुस्कुरा रहे हैं। फैंस को यह सेल्फी काफी पसंद आई है। यूजर्स ने जब शाहरुख खान और 'स्क्विड गेम' सीरीज एक्टर ली जंग की सेल्फी देखी तो इसे सदी का सबसे बड़ा कोलैब बताया।

टीवी मसाला

# बिग बॉस-19 में दिवाली बनी इमोशनल नाइट

**नई दिल्ली।** सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' में दिवाली के मौके पर कई धमाके देखने को मिलेंगे तो इमोशनल मोड़ भी आएगा। शनिवार को 'वीकेंड के वार' में सलमान खान ने फरहाना भट्ट और मालती चाहर सहित कई कंटेस्टेंट की क्लास लगाई। यह एपिसोड खास रहा क्योंकि रविवार वीकेंड के वार में प्रतिभागियों के परिवार वालों ने उनके लिए विशेष मैसेज भेजे हैं। इस एपिसोड में घरवालों के आंसू निकल रहे हैं, और इसका कारण सलमान की डांट नहीं, बल्कि परिवार वालों की तरफ से भेजे गए तोहफे और मैसेज हैं। शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ है जिसमें फिल्म 'थामा'के लीड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी, रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना नजर आ रहे हैं। प्रोमो में आयुष्मान खुराना कहते हैं कि आपके लिए बिग बॉस ने एक मेला लगाया है, जिसमें कई तोहफे हैं और ये आपके घर से आए हैं। प्रोमो में शहबाज को रोते हुए दिखाया गया है, क्योंकि वे अपनी बहन शहनाज गिल को देखकर इमोशनल हो जाते हैं। शहनाज कहती हैं कि वे घर में बहुत अच्छा खेल रहे हैं और उन्हें स्क्रीन पर देखकर सभी लोग खुश हैं, लेकिन वहां से आने की जल्दी न करें, क्योंकि फिलहाल घरवाले उनको मिस नहीं कर रहे हैं। इसके बाद फरहाना की मां का मैसेज दिखाया जाता है जिसमें उनकी मां कहती हैं, 'बेटा, तुम अकेले ही बहुत अच्छा खेलती हो शेरनी हो तुम शेरनी, बस जीत के आना.'' मां का मैसेज सुनकर फरहाना फूट-फूट कर रोती हैं। शो का पूरा माहौल दीपावली पर इमोशनल हो जाता है।



## मल्लिका ने बढ़ाया शो 'पति पत्नी और पंगा' का पारा

**मुंबई।** मल्लिका शेरावत काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। हाल ही में वह शो 'पति पत्नी और पंगा'में नजर आईं। इस शो में उन्हें कुछ प्रतियोगियों के साथ फ्लर्ट करते देखा गया। यूजर्स ने मल्लिका के अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर मजेदार रिएक्शन दिए हैं। इन दिनों टीवी पर एक रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो में कई सेलिब्रिटी कपल शामिल हैं। हाल ही में बतौर गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत भी इस शो का हिस्सा बनी हैं। मल्लिका के आने से 'पति पत्नी और पंगा' का पारा बढ़ गया। मल्लिका शेरावत ने जब शो में एंट्री ली तो कुछ पुरुष प्रतियोगी उनसे फ्लर्ट करते दिखे। जब मल्लिका ने स्वरा भास्कर के पति के गालों को खींचा तो अभिषेक कुमार नाराज हो गए। इस बात पर शो के होस्ट मुनव्वर फारूखी से शिकायत करते दिखे। जब अभिषेक कुमार शिकायत कर रहे थे तो मल्लिका उनके करीब आती हैं और उनके गालों को हाथ लगा देती हैं। इस पर अभिषेक शरमा जाते हैं। यूजर्स ने भी अभिषेक कुमार और मल्लिका शेरावत वाले वीडियो पर रिएक्शन दिए हैं।



# कपूर और पटौदी परिवार ने मनाई दिवाली सैफ-करीना और करिश्मा ने दिए पोज

**मुंबई।** त्योहारों के मौसम में कई बॉलीवुड सेलेब्स अपने-अपने तरीके से दिवाली मना रहे हैं। हाल ही में कई सितारे एक्टर रवि दुबे और सरगुन मेहता की दिवाली पार्टी में पहुंचे और अपने लुक से महफिल को रौशन किया। इसी तरह से अब बॉलीवुड के सबसे मशहूर परिवार कपूर और पटौदी परिवार ने दिवाली मनाई है।

***कपूर परिवार की दिवाली :*** सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट में देखा जा सकता है कि कपूर परिवार की महिलाओं ने दिवाली मनाई है। तस्वीर में नीतू कपूर ने नीली रंग की ड्रेस पहनी है। आलिया भट्ट ने गोल्डन साड़ी पहनी है। करीना कपूर हल्की फिरोजी ड्रेस में नजर आई हैं। वहीं, करिश्मा कपूर काले-सफेद ड्रेस में खूबसूरत लग रही हैं। एक दूसरी तस्वीर में करीना कपूर, नीतू कपूर के साथ पोज देते हुए पाउट बना रही हैं।



***पटौदी परिवार की दिवाली :*** वहीं,पटौदी परिवार की दिवाली मनाते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई हैं। एक तस्वीर में सैफ अली खान लाल और क्रीम कलर के धोती कुर्ता में नजर आ रहे हैं। एक तरफ लाल ड्रेस में उनकी बहन सोहा अली खान हैं तो दूसरी तरफ करीना कपूर पोज दे रही हैं। इस तस्वीर में कुणाल खेमू भी नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में सैफ अली खान सोहा अली खान के साथ पोज दे रहे हैं। दोनों पोस्ट को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर यूजर्स ने सेलेब्स को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। कई यूजर्स ने दिल वाला इमोजी कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है 'बॉलीवुड का शाही परिवार।'

***कपूर और पटौदी परिवार में नए सदस्य :*** आपको बता दें कि आलिया भट्ट की शादी कपूर परिवार में रणबीर कपूर के साथ हो गई है, इसलिए वह कपूर परिवार का हिस्सा बन गई हैं। इसी तरह से करीना कपूर की शादी पटौदी परिवार में सैफ अली खान के साथ हुई है, इसलिए वह अब पटौदी परिवार का हिस्सा हैं।

# निखिल की दिवाली पार्टी में पहुंचीं नरगिस जेनेलिया ने रितेश संग बढ़ाई रौनक

मुंबई। इन दिनों बॉलीवुड में कई दिवाली पार्टी चल रही हैं। हाल ही में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में कई फिल्मी सितारे नजर आए। शनिवार रात फिल्ममेकर निखिल आडवाणी ने भी दिवाली पार्टी दी, इसमें रितेश, जेनेलिया और नरगिस फाखरी के अलावा कई एक्टर्स पहुंचे। निखिल आडवाणी की दिवाली पार्टी में सबसे पहले नरगिस फाखरी को देखा गया। वह ऑरेंज कलर के लहंगे में पार्टी में शामिल हुईं। पैपराजी को नरगिस ने हैप्पी दिवाली कहा। साथ ही फोटो पोज भी आराम से दिए। जेनेलिया डिसूजा ने भी दिवाली पार्टी में पति रितेश देशमुख के साथ शिरकत की है। वह सुंदर सूट-सलवार में पार्टी में आईं। रितेश ने पार्टी में एंट्री लेते वक्त जेनेलिया का हाथ थामा हुआ था। दोनों अक्सर ही फैंस के लिए क्यूट कपल गोल सेट करते हैं।



## दिवाली पर सेलेब्स 'वोकल फॉर लोकल' कैंपेन को प्रमोट करते दिखे

# माधुरी को अपनी दुकान पर देख चौंकी दुकानदार, तृप्ति ने लोकल शॉप से लिए जूते

***मुंबई।*** *दिवाली पर आम लोग लोकल दुकानों से शॉपिंग करते हैं, लेकिन कुछ बॉलीवुड सेलेब्स को भी ऐसा करते देखा गया। अपनी दुकान पर माधुरी दीक्षित से लेकर तृप्ति डिमरी तक को देखकर दुकानदार हैरान हो गए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हैं। इस पहल के जरिए सेलेब्स 'वोकल फॉर लोकल' कैंपेन को प्रमोट करते दिखे, यह भारत सरकार की दिवाली पर एक खास पहल है।*




**तृप्ति डिमरी :** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया, इसमें वह एक लोकल दुकान से जूते खरीदती दिखीं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो के साथ एक कैप्शन भी लिखा है। वह लिखती हैं, 'उन लोगों से खरीदारी करने में कुछ खास बात होती है जो आपका नाम, आपकी पसंद और आपके मूड को जानते हैं। इस दिवाली, मैं लोकल चुन रही हूं क्योंकि हर छोटी दुकान का दिल बड़ा होता है।'

**रुपाली गांगुली :** तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित के अलावा अभिनेत्री रुपाली गांगुली ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह एक साड़ी की दुकान पर पहुंचीं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'एक त्योहार के मौसम से दूसरे त्योहार के मौसम तक, हमारी स्थानीय दुकानें दिवाली को बेहतर बनाने में कभी असफल नहीं होतीं। इस बार खरीदेंगे वहीं से, अपनों से। चलो उत्सव मनाते हैं। चलो स्थनीय दुकानों से खरीदारी करते हैं।'





**सुनील ग्रोवर :** अभिनेता सुनील ग्रोवर एक गिफ्ट शॉप पर पहुंचे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, 'दिवाली पर सब कुछ नया लेना जरूरी नहीं, बस अपने लोगों से लेना जरूरी है। लोकल दुकानों से शॉपिंग कीजिए। लोकल दुकानों को सेलिब्रेट कीजिए।'



**माधुरी दीक्षित :** माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह एक लोकल दुकानदार के साथ सेल्फी लेती हैं। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'दिवाली की रोशनी तभी पूरी लगती है, जब खुशी अपनों के साथ बांटी जाती है। चलो अपनी लोकल दुकान, अपने लोगों का समर्थन करें और एकता के प्रकाश को फैलाएं।'

**शंकर महादेवन :** गायक शंकर महादेवन एक मिठाई की दुकान पर पहुंचे हैं। उन्होंने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, 'मिठाई की मिठास बढ़ जाती है, जब वह अपने शहर की लोकल दुकान से आती है। इस दिवाली वोकल फॉर लोकल के साथ अपनी खुशियों का सुर बनाएं।



# 17 साल बाद भारत की झोली में आया मेडल, तन्वी का रजत पदक के साथ सफर समाप्त

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा का बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने का सपना रविवार को महिला एकल फाइनल में थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासक से सीधे गेम में हारकर टूट गया। यह 16 वर्षीय खिलाड़ी साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के नक्शेकदम पर चलते हुए टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला शटलर बनी।

फाइनल में हालांकि वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई और उन्हें दूसरी वरीयता प्राप्त थाई खिलाड़ी से 7-15, 12-15 से हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार तन्वी ने रजत पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया, जो 17 वर्षों में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। साइना (2008 में स्वर्ण और 2006 में रजत) और अपर्णा (1996 में रजत) इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

**विश्व जूनियर चैंपियनशिप में तन्वी से पहले साइना और अपर्णा जीत चुकी हैं मेडल**

**थाईलैंड की खिलाड़ी अन्यापत ने तन्वी को हराया**






### नेट पर आने के लिए किया मजबूर

थाई खिलाड़ी ने हालांकि तन्वी को बार-बार नेट पर आने के लिए मजबूर किया, जिससे उनकी गलतियां बढ़ गई। थाईलैंड की खिलाड़ी ने जल्द ही स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया। थाईलैंड की खिलाड़ी इसके बाद अधिक आत्मविश्वास के साथ खेली। उन्होंने जल्द ही बढ़त हासिल की और इसे आखिर तक बरकरार रखकर मैच अपने नाम किया।

### फाइनल में मुकाबला रहा कड़ा

*फाइनल में मुकाबला शुरू से ही कड़ा रहा क्योंकि दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे की गलतियों के कारण 2-2 से 4-4 तक बराबरी पर आ गए। थाई खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद भारतीय खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर 10-5 की बढ़त बना ली और फिर इसके बाद आसानी से पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में तन्वी ने कुछ सटीक डीप रिटर्न के साथ 6-1 की बढ़त बना ली। लेकिन फिर से उन्होंने गलतियां की, जिसका फायदा उठाकर थाई खिलाड़ी ने अंतर को 5-7 तक कम कर दिया।फिचितप्रीचासक का अगला शॉट चूक गया, जिससे तन्वी को मध्यांतर तक 8-5 की मामूली बढ़त मिल गई।*

## खबर संक्षेप



### इंडिया चैंपियनशिप के विजेता बने फ्लीटवुड

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टॉमी फ्लीटवुड ने धैर्य और एकाग्रता की मिसाल पेश करते हुए सात अंडर 65 के शानदार कार्ड के साथ जापान के कीता नाकाजिमा (तीन अंडर 72) को दो स्ट्रोक से पछाड़कर 'डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप' गोल्फ का खिताब जीत लिया। फ्लीटवुड तीसरे दौर के बाद दो शॉट से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी दौर के लिए बचा के रखा। था। उन्होंने दबाव में संयम दिखाते हुए कुल 266 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। यह डीपी वर्ल्ड टूर पर फ्लीटवुड का आठवां खिताब है। यह भारत में उनकी पहली जीत है।

### रिजवान की छीन सकती है वनडे की कप्तानी

**कराची।** अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान के वनडे कप्तान पद से हटाया जा सकता है। पाकिस्तान की राष्ट्रीय चयन समिति और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सलाहकार बोर्ड की लाहौर में संयुक्त बैठक होगी, जिसमें वनडे कप्तान पर फैसला किया जा सकता है। पीसीबी ने एक बयान में पुष्टि की कि पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीमों के मुख्य कोच माइक हेसन ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को पत्र लिखकर एकदिवसीय टीम के मामलों और कप्तानी पर चर्चा के लिए चयनकर्ताओं और सलाहकारों की बैठक बुलाने का अनुरोध किया था।

### ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट से जीता 26-26 ओवर का पहला वनडे

# भारत का वनडे में लगातार 8 मैच जीतने का सिलसिला टूटा, विराट-रोहित ने किया मायूस

**भारत ने संघर्ष करते हुए बनाए 9 विकेट पर 136 रन**

एजेंसी ▶▶| पर्थ

विराट कोहली और रोहित शर्मा की लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कुल मिलाकर सिर्फ 22 गेंदों तक चली और उनके फीके प्रदर्शन का असर मैच के परिणाम पर भी दिखा, जहां ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बारिश से प्रभावित मुकाबले में भारत पर 29 गेंद शेष रहते सात विकेट की आसान जीत दर्ज की। भारतीय पारी के दौरान लगातार बारिश की वजह से मुकाबला 26-26 ओवर का कर दिया गया था। भारत ने संघर्ष करते हुए 9 विकेट पर 136 रन बनाए लेकिन ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से जीत के लिए 131 रन का लक्ष्य मिला। टीम ने 21.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### कप्तान मार्श 46 रन बनाकर रहे नाबाद

लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड (आठ) ने शुरुआत में ही अर्शदीप सिंह की गेंद पर डीप थर्ड मैन पर हर्षित राणा को कैच थमा दिया। इसके बाद क्रीज पर आए मैथ्यू शॉर्ट (आठ) भी बिना कोई खास योगदान दिए पवेलियन लौट गए। कप्तान मिशेल मार्श (नाबाद 46 रन, 52 गेंद) ने जोश फिलिप (37 रन, 29 गेंद) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की आक्रामक अहम साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बनाए रखा। अर्शदीप, मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा की भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों जैसा नियंत्रण नहीं दिखा पाई। इन गेंदबाजों ने मेजबान टीम को आसानी से रन बनाने के मौके दिए।

### भारतीय टीम लय हासिल करने में नाकाम

भारतीय टीम अपनी पारी की शुरुआत से ही किसी तरह की लय हासिल करने में नाकाम रही। बारिश के कारण कई बार खेल रुकने से स्थिति और मुश्किल हो गयी। लोकेश राहुल (30 गेंद में 38 रन) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज सहज नहीं दिखा। ऑस्ट्रेलिया ने बादलों की आंख-मिचौली के बीच तेज गेंदबाजों की मददगार ऑप्टस स्टेडियम में पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो सही साबित हुआ।

*ऑस्ट्रेलिया की जीत के साथ ही भारत का वनडे में लगातार आठ मैच जीतने का सिलसिला टूट गया। इस साल यह पहली बार है जब भारत को वनडे में हार का सामना करना पड़ा है। गिल को वनडे कप्तान के तौर पर अपने पहले ही मैच में हार मिली।*

### 550 मैच खेलने वाले 5वें भारतीय बने रोहित

*रोहित अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 मैच खेलने वाले विश्व के कुल 11वें खिलाड़ी बने हैं। भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो वह इस आंकड़े को छूने वाले 5वें खिलाड़ी बने हैं। भारतीय खिलाड़ियों में रोहित केवल सचिन तेंदुलकर (664), कोहली (551), महेंद्र सिंह धोनी (535) और राहुल द्रविड़ (504) से पीछे हैं। बता दें कि रोहित ने 2007 में अपने करियर की शुरुआत की थी।*




### ऑस्ट्रेलिया में पहली बार शून्य पर आउट हुए कोहली

नंबर-3 पर बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर उतरे कोहली अपना खाता खोलने के लिए भी संघर्ष करते हुए नजर आए। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की बाहर की गेंद पर ड्राइव लगाने के प्रयास में पॉइंट में कैच दे बैठे। युवा कूपर कोनोली ने बाएं छोर पर डाइव लगाते हुए कोहली का बेहतरीन कैच पकड़ा। वनडे में कोहली ऑस्ट्रेलिया में 1,327 रन बनाने के बाद पहली बार शून्य पर आउट हुए हैं।

### मिचेल स्टार्क ने फेंकी 171.5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद

भारत के खिलाफ मैच में पहला ओवर मिचेल स्टार्क ने फेंका और ओवर की पहली गेंद रोहित शर्मा ने खेली, जिस पर उन्होंने एक रन बनाया। लेकिन इस पहली गेंद ने स्टार्क को सुर्खियों में ला दिया, क्योंकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई लोगों ने दावा किया कि स्टार्क ने पहली गेंद 171.5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी है। लेकिन ये दावा गलत है तकनीकी खराबी की वजह से ऐसा दिखाया गया था। दरअसल स्टार्क ने पहली गेंद 140.8**kph** की रफ्तार से फेंकी थी, जिसकी पुष्टि क्रिकबज ने भी की है।

***जोरदार तालियों से हुआ कोहली का स्वागत :*** *कोहली का स्वागत स्टेडियम में और भी जोरदार तालियों से हुआ, लेकिन वह एक बार फिर अपनी पुरानी कमजोरी का शिकार बने। स्टार्क की बाहर निकलती गेंद पर ड्राइव लगाने की कोशिश में गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर बैकवर्ड प्वाइंट की दिशा में गई और कूपर कोनोली ने शानदार कैच पकड़ उनकी आठ गेंद की पारी को खत्म किया। कोहली पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे।*

***अक्षर और राहुल ने की 39 रन की साझेदारी :*** *अक्षर पटेल (31) और राहुल ने पांचवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी करने की कोशिश की लेकिन मैथ्यू कुहनेमैन ने अक्षर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया।*

### स्कोर बोर्ड

| भारत स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का रेनशॉ बो हेजलवुड | 08 | 14 | 0 | 1 |
| गिल का फिलिप्स बो एलिस | 10 | 18 | 2 | 0 |
| कोहली का कोनोली बो स्टार्क | 00 | 8 | 0 | 0 |
| अय्यर का फिलिप्स बो हेजलवुड | 11 | 24 | 1 | 0 |
| पटेल का रेनशॉ बओ कुहनेमैन | 31 | 38 | 3 | 0 |
| राहुल का रेनशॉ बो ओवेन | 38 | 31 | 2 | 2 |
| सुंदर बो कुहनेमैन | 10 | 10 | 1 | 0 |
| रेड्डी नाबाद | 19 | 11 | 0 | 2 |
| राणा का फिलिप्स बो ओवेन | 01 | 2 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 00 | 0 | 0 | 0 |
| सिराज नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त 08**

**कुल योग: 26 ओवर में 9विकेट पर 136 रन**

**गेंदबाजी:** स्टार्क 6-1-22-1, हेजलवुड 7-2-20-2, एलिस 5-1-29-1, ओवेन 3-0-20-2, कुहनेमैन 4-0-26-2, शॉर्ट 1-0-17-0.

| ऑस्ट्रेलिया स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श नाबाद | 46 | 52 | 2 | 3 |
| हेड का राणा बो अर्शदीप | 08 | 5 | 2 | 0 |
| शॉर्ट का रोहित बो अक्षर | 08 | 17 | 1 | 0 |
| फिलिप का अर्शदीप बो वाशिंगटन | 37 | 29 | 3 | 2 |
| मैट रेनशॉ नाबाद | 21 | 24 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त: 11**

**कुल योग: 21.1 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन**

**गेंदबाजी:** सिराज 4-1-21-0, अर्शदीप 5-0-31-1, राणा 4-0-27-0, अक्षर 4-0-19-1, रेड्डी 2.1-0-16-0, वाशिंगटन 2-0-14-1.

### रोहित की पारी 14 गेंद तक ही चली

रोहित शर्मा (आठ रन) नए कप्तान शुभमन गिल के साथ क्रीज पर आए तो स्टेडियम में मौजूद दर्शकों जोरदार स्वागत किया, लेकिन उनकी पारी सिर्फ 14 गेंद ही चली। रोहित ने मिशेल स्टार्क के खिलाफ एक शानदार स्ट्रेट ड्राइव खेल अपने सुनहरे दिनों की झलक दिखाई लेकिन उनकी पारी में यह आत्मविश्वास से जड़ा गया इकलौता शॉट साबित हुआ। वह जोश हेजलवुड की अतिरिक्त उछाल वाली गेंद से सामंजस्य बिठाने में नाकाम रहे और गेंद उनके बल्ले को छूती हुई दूसरी स्लिप में रेनशॉ के हाथों में चली गई।

## मैच में किया प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन : कप्तान गिल



एजेंसी ▶▶| पर्थ

कप्तान शुभमन गिल ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में शुरुआती तीन झटकों के बाद वापसी करना उनकी टीम के लिए आसान नहीं था लेकिन उन्होंने मैच में प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन किया। भारत ने पावरप्ले के ओवरों में सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और गिल के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के विकेट गंवाए, जिससे मेहमान टीम कभी उबर नहीं पाई और बारिश से बाधित मैच में सात विकेट से हार गई। गिल ने मैच के बाद कहा, 'जब आप पावरप्ले में तीन विकेट गंवाते हैं तो यह कभी भी आसान नहीं होता। आप हमेशा वापसी करने की कोशिश करते हैं। इस मैच से बहुत कुछ सीखने को मिला।' कोहली (शून्य) और शर्मा (आठ) की वापसी केवल 22 गेंद तक ही रही, जिससे भारत का स्कोर नौवें ओवर में तीन विकेट पर 25 रन हो गया। लेकिन गिल ने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को आसानी से जीत दर्ज नहीं करने दी। गिल ने कहा, '26 ओवरों में 130 रन का बचाव करते हुए हम मैच को काफी गहराई तक ले गए इसलिए हम इससे संतुष्ट हैं।' उन्होंने कहा कि स्टेडियमों में प्रशंसकों की भारी भीड़ टीम को सीमित ओवरों के दौरे पर प्रेरित करेगी। गिल ने कहा, 'हम भाग्यशाली हैं कि हम जहां भी खेलते हैं, प्रशंसक भारी संख्या में आते हैं। उम्मीद है कि वे एडिलेड में भी हमारा उत्साहवर्धन करेंगे।'

### भारत मजबूत वापसी करेगा: कुहनेमन

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बारिश से बाधित पहले वनडे में की सात विकेट से जीत दर्ज लेकिन स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन का मानना है कि दौरे के पहले मैच में हार के बाद भारत जोरदार वापसी करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या यह एक बाहरी मैच जैसा लगा और क्या ऑस्ट्रेलिया ने दर्शकों को शांत कर दिया तो कुहनेमन ने कहा, 'हां, खासकर जब आप ऐसी टीम के खिलाफ खेलते हैं, जिसके सभी बल्लेबाज विश्व स्तरीय और खेल के दिग्गज हैं। इसलिए शुरुआत में विकेट लेना बहुत बड़ा अंतर पैदा करता है। हालांकि कुहनेमन ने श्रृंखला के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद भारत की जोरदार वापसी का समर्थन किया।

## लेयला ने जीता अपने कॅरियर का पांचवां खिताब




एजेंसी ▶▶| ओसाका

लेयला फर्नांडीज ने डब्ल्यूटीए जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेजा वैलेंटोवा को 6-0, 5-7, 6-3 से हराकर अपने करियर का पांचवां खिताब जीता। अपने करियर के आठवें फाइनल में खेलते हुए फर्नांडीज ने पहला सेट 29 मिनट में जीत लिया। वैलेंटोवा ने दूसरे सेट के 12वें गेम में फर्नांडीज की सर्विस तोड़कर मैच को बराबरी पर ला दिया।

निर्णायक सेट में 27वीं रैंकिंग की खिलाड़ी फर्नांडीज ने चौथे गेम में महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट हासिल किया और चेक गणराज्य की खिलाड़ी की चुनौती से पार पाकर जुलाई में डब्ल्यूटीए 500 डीसी ओपन जीतने के बाद सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता।

## आस्ट्रेलिया के आक्रामक माहौल ने ली परीक्षा : विराट कोहली


एजेंसी ▶▶| पर्थ



विराट कोहली ने स्वीकार किया कि आस्ट्रेलिया में क्रिकेट को लेकर आक्रामक माहौल ने उनकी क्षमता की परीक्षा ली लेकिन उनका मानना है कि इस माहौल में डटे रहकर साहसिक क्रिकेट खेलने से उन्हें मानसिक रूप से मजबूत क्रिकेटर बनने में मदद मिली और इससे उनके करियर को नई दिशा मिली।

कोहली ने पहली बार 2011 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था और उन्हें ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों से आक्रामक स्वागत का सामना करना पड़ा था, लेकिन उनका मानना है कि यह आक्रामकता धीरे-धीरे सम्मान में बदल गई। कोहली ने कहा, 'बचपन में जब हम सुबह जल्दी उठकर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट देखते थे तो मैं खुद को उनके सामने रखकर सोचता था कि अगर मैं इन परिस्थितियों में और इस विरोधी टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर पाया तो एक क्रिकेटर के तौर पर मुझे इस पर गर्व होगा। दोनों टीमों के महान खिलाड़ियों को खेलते देखना मेरे लिए प्रेरणास्रोत रहा। सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, यहां तक कि वीरेंद्र सहवाग जैसे खिलाड़ी, जिनसे मैं सचमुच प्रभावित रहा हूं।

## एमएलएस में मेस्सी ने मारी दूसरी हैट्रिक, इंटर मियामी जीता ...



*__नैशविले।__ दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में अपने करियर की दूसरी हैट्रिक बनाई, जिससे इंटर मियामी ने नैशविले एससी पर 5-2 से जीत हासिल की। मेस्सी एमएलएस के वर्तमान सत्र में अभी तक 29 गोल कर चुके हैं और वह इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। पिछली बार उन्होंने इंटर मियामी की न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन पर 6-2 की जीत में हैट्रिक बनाई थी।*

### महिला वनडे विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई श्रीलंका टीम

# पहली जीत की तलाश में श्रीलंका, आज बांग्लादेश से भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

श्रीलंका की टीम महिला वनडे विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है और सोमवार को जब उसका सामना बांग्लादेश से होगा तो उसका लक्ष्य टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना होगा।

बांग्लादेश की तरह श्रीलंका के खाते में भी दो अंक हैं, लेकिन दोनों ही अंक उसे बारिश के कारण रद्द हुए मैचों में मिले हैं। श्रीलंका को अभी तक पांच मैच में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है और वह आठ टीमों की प्रतियोगिता में सातवें स्थान पर है। बांग्लादेश ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है। उसने पाकिस्तान को हराकर अपना खाता खोला था लेकिन दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड जैसी मजबूत टीमों को कड़ी चुनौती देने के बावजूद उसे हार का सामना करना पड़ा था। श्रीलंका और बांग्लादेश दोनों की ही सेमीफाइनल में पहुंचने की राह बेहद मुश्किल हो गई है। उन्हें अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए न सिर्फ अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे बल्कि अन्य मैच के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने के लिए प्रार्थना करनी होगी।

### बांग्लादेश का बेहतर प्रदर्शन, पाकिस्तान पर दर्ज की थी जीत

### श्रीलंका नहीं उठा पाया घरेलू मैदान का फायदा

लगातार बारिश के कारण चमारी अटापट्टू की टीम के लिए घरेलू मैदान का फायदा उठाने की कोई संभावना नहीं रही। हालांकि यहां बारिश का कोई खतरा नहीं है, लेकिन दिन-रात के मैच के दौरान मौसम गर्म और आर्द्र रहेगा। यह डीवाई पाटिल स्टेडियम में होने वाला पहला मैच होगा, जिसमें एक सेमीफाइनल सहित इस टूर्नामेंट के चार मैचों की पुष्टि हो चुकी है। श्रीलंका अपना अंतिम मैच कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।



### बांग्लादेश को जीतने होंगे दो मैच

इसी तरह बांग्लादेश को श्रीलंका और भारत के खिलाफ अपने शेष दो मैच जीतने होंगे। यही नहीं उसे इंग्लैंड की भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के लिए दुआ भी करनी होगी। बांग्लादेश को लगेगा कि विभिन्न विभागों में उनके प्रदर्शन के आधार पर वे श्रीलंका से बेहतर स्थिति में हैं, लेकिन फिर भी क्षेत्ररक्षण एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें निगार सुल्ताना की अगुवाई वाली टीम को महत्वपूर्ण सुधार करने होंगे।

### टीमें इस प्रकार

*__बांग्लादेश :__ निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), फरगना हक, शोभना मोस्तरी, रुब्या हैदर, शर्मिन अख्तर, राबेया खान, रितु मोनी, शोर्ना अख्तर, सुमैया अख्तर, फाहिमा खातून, फरिहा त्रिस्ना, मारुफा अख्तर, नाहिदा अख्तर, निशिता अख्तर निशि, संजीदा अख्तर मेघला।*

*__श्रीलंका :__ चमारी अटापट्टू (कप्तान), अनुष्का संजीवनी (उपकप्तान और विकेटकीपर), इमेशा दुलानी, विशमी गुणरत्ने, हासिनी परेरा, हर्षिता समाराविक्रमा, नीलाक्षिका सिल्वा, कविशा दिलहारी, पिउमी वाथसाला, देवमी विहंगा, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, मल्की मदारा, उदेशिका प्रबोधनी, इनोका राणावीरा।*

*भारतीय सेना ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ रोकने के लिए रोबोटिक खच्चरों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। ये रोबोटिक खच्चर निगरानी और रसद बढ़ाने में मदद करते हैं, जिनमें लगे सेंसर और कैमरे दुश्मन का पता लगाने में सक्षम हैं। सेना अगली पीढ़ी के हथियारों और उपकरणों का उपयोग कर रही है।*

**रोबोटिक खच्चरों में सेंसर और कैमरे लगे होते हैं जिससे खतरों का पहले ही हो जाता है आभास**

# अब पाकिस्तानी आतंकियों को घुसपैठ करना पड़ेगा भारी 'रोबोटिक खच्चर' के एक इशारे पर सेना कर देगी ढेर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अब पाकिस्तानी आतंकियों को छिपकर घुसपैठ करना भारी पड़ेगा। दरअसल, भारतीय सेना ने नियंत्रण रेखा ( एलओसी ) पर निगरानी और रसद बढ़ाने के लिए रोबोटिक खच्चरों या मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट (एमयूएलई) का उपयोग करना शुरू कर दिया है। जिसके एक इशारे पर सेना पाकिस्तानी दुश्मन को सेकेंड भर में ढेर कर देगी। सेना के एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे रोबोटिक खच्चर, सेना द्वारा शुरू किए गए कई नवाचारों में से एक हैं।

*हम अगली पीढ़ी के हथियारों और उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन रोबोटिक खच्चरों को गश्त के लिए तैनात किया जाता है। इनमें लगे कैमरों की वजह से हम खतरे का पहले ही पता लगा सकते हैं। रोबोटिक खच्चरों में सेंसर और कैमरे लगे होते हैं। हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी इनका इस्तेमाल किया था*

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी इनका इस्तेमाल किया था**



### कंप्यूटर, बैटरी से लेकर ये उपकरण लगे होते हैं

इसमें एक कंप्यूटर, बैटरी, आगे और पीछे के सेंसर और गतिशीलता के लिए पैर होते हैं। भारतीय सेना को कथित तौर पर जून 2024 में इनमें से 100 रोबोटिक खच्चर मिले थे। इन सभी इलाकों में चलने वाले रोबोट का उद्देश्य विविध वातावरण में सैनिकों की दक्षता और सुरक्षा में सुधार करना है। वे सीढ़ियों, खड़ी ढलानों और मलबे से भरे क्षेत्रों में चल सकते हैं।

### एयरोआर्क कंपनी ने किया है निर्माण

*आर्क वेंचर्स (एआरसीवी) की नई दिल्ली स्थित सहायक कंपनी एयरोआर्क द्वारा विकसित एआरसीवी म्यूले को विभिन्न कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है। इनमें परिधि सुरक्षा, संपत्ति की सुरक्षा, खतरनाक सामग्री (सीबीआरएनई), बम निरोधक और खुफिया जानकारी एकत्र करना शामिल है। रोबोटिक खच्चर, जिसे मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट (एमयूएलई) के रूप में भी जाना जाता है, को दूर से नियंत्रित या स्वायत्त रूप से संचालित किया जा सकता है।*

---

**कई जगह आरजेडी व कांग्रेस के प्रत्याशी आमने-सामने, महागठबंधन में घमासान तेज**

# कांग्रेस की राजद से दो टूक- अपने प्रत्याशी वापस लो या फिर विरोध में चुनाव लड़ो

एजेंसी ▶▶| पटना

सीट शेयरिंग पर चल रही सियासत के बीच कांग्रेस ने राजद को साफ-साफ कह दिया है कि जिन कुछ सीटों पर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं वहां से राजद अपने प्रत्याशी वापस ले या फिर कांग्रेस के विरोध में लड़ने तैयार रहे। बता दें कि बिहार चुनाव के पहले फेज की वोटिंग में सिर्फ 19 दिन बाकी हैं। आज 20 अक्टूबर को पहले फेज के चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन है, लेकिन महागठबंधन में अब तक सीट शेयरिंग को लेकर साझा बयान नहीं आया।

आरजेडी और कांग्रेस के बीच की यह खींचतान सिर्फ सीट बंटवारे तक सीमित नहीं, बल्कि यह नेतृत्व और भरोसे की परीक्षा बन चुकी है। सवाल यह है कि क्या यह गठबंधन चुनाव से पहले खुद को एकजुट रख पाएगा- या फिर यह 'महागठबंधन' एक बार फिर महाविवाद बनकर रह जाएगा। इस परिस्थिति पर राजनीति के जानकार मानते हैं कि अगर यही स्थिति जारी रही तो एनडीए के लिए यह 'विपक्षी बिखराव' सबसे बड़ा वरदान साबित हो सकता है।

*विपक्षी गठबंधन में इस समय सीटों के बंटवारे को लेकर जमकर हंगामा मचा हुआ है। महागठबंधन में शामिल राजद सहित सभी दल अब तक विभिन्न सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुके हैं। खास बात है कि कई सीटें तो ऐसी हैं, जहां उसने अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवार के खिलाफ ही प्रत्याशी उतार दिए हैं जिसको लेकर गहमा-गहमी मची हुई है।*

### एनडीए की सभी सीटों में बनी सहमति

इधर, एनडीए में सीट शेयरिंग हो चुकी है। सभी पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवार भी उतार दिए हैं, लेकिन सीएम फेस को लेकर चर्चा है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा- हमारा 5 दल का गठबंधन है, जितने विधायक जीतकर आएंगे स्वयं अपना नेता चुनेंगे। इससे पहले 17 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था की नीतीश कुमार पर न सिर्फ भाजपा, बल्कि बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है। एनडीए की जीत के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा, यह फैसला विधायक दल करेगा।



### राज्य कांग्रेस को हाईकमान का समर्थन

इस बीच एक महत्वपूर्ण जानकारी यह सामने आई है कि कांग्रेस आलाकमान भी बिहार कांग्रेस इकाई पर कोई दबाव नहीं बना रहा है। आरजेडी के रवैये से नाखुश बिहार कांग्रेस नेताओं ने सारी परिस्थितियों से राहुल गांधी को अवगत करा दिया है, और राहुल गांधी ने बिहार के कांग्रेस नेताओं का समर्थन किया है। एक बड़े कांग्रेस नेता ने बताया कि यह पहला मौका है जब कांग्रेस आलाकमान दिल्ली से हस्तक्षेप करने और प्रदेश कांग्रेस के नेताओं पर दबाव नहीं बना रहा है।

### कांग्रेस बोली- आरजेडी को अपने प्रत्याशी हटाना चाहिए

कांग्रेस के नेताओं ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है कि वे पीछे हटने के मूड में नहीं हैं। अब कांग्रेस ने गेंद आरजेडी के पाले में डाल दी है। कांग्रेस नेताओं का साफ कहना है कि आरजेडी को फैसला लेना है कि क्या वे अपने उम्मीदवारों का नामांकन वापस लेंगे, या फिर दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। हालात की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राजद व कांग्रेस के बीच बातचीत भी बंद हो गई है।

### जेएमएम ने भी छोड़ा साथ, बढ़ी मुश्किलें

महागठबंधन में दरार सिर्फ आरजेडी और कांग्रेस तक ही सीमित नहीं है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी महागठबंधन का साथ छोड़ दिया है। जेएमएम ने घोषणा की है कि वह बिहार की 6 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले जेएमएम का नाता तोड़ना और कांग्रेस का कड़ा रुख अपनाना यह साफ संकेत देता है कि बिहार में महागठबंधन में दरार गहरी हो गई है, जिसका सीधा फायदा एनडीए को मिल सकता है। बिहार महागठबंधन की यह फूट चुनावी मोर्चे पर विपक्ष की एकजुटता को कमजोर कर रही है। भाकपा-माले और सीपीआई जैसे सहयोगी दल भी कई सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं, जिससे तालमेल की कोई वास्तविकता नहीं बची है। दरअसल, आरजेडी का मानना है कि कांग्रेस का विनिंग रिकॉर्ड कमजोर है, इसलिए ज्यादा सीटें देना जोखिम भरा है, वहीं कांग्रेस बिहार में अपनी जड़ें मजबूत करने को बेताब है।

### भीतर ही भीतर उलझकर रह गया है महागठबंधन

इस बीच कांग्रेस के राज्य नेतृत्व ने अब स्थिति की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। कहा जा रहा है कि पार्टी केंद्रीय नेतृत्व से हस्तक्षेप की मांग कर सकती है लेकिन मौजूदा हालात में यह तय है कि पहले चरण के मतदान से पहले गठबंधन में मतभेद और उभर कर सामने आएंगे। स्पष्ट है कि बिहार में महागठबंधन फिलहाल अपने ही भीतर उलझा हुआ है।

---

# गिरिराज बोले- नहीं चाहिए 'नमक हरामों' के वोट, कांग्रेस बोली- दिमाग खराब है उनका

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल जोर-शोर से प्रचार में जुटे हैं। इस दौरान नेता बयानबाजी भी कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने मुस्लिम समुदाय को लेकर विवादित बयान देकर सियासत में गर्माहट ला दी। उन्होंने एक मौलवी का उदाहरण देते हुए उन्हें वोट न दिए जाने पर कहा था कि उन्हें नमक हरामों के वोट नहीं चाहिए। इसके बाद कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल उन पर हमलावर हो गए हैं।

**हमें ऐसे नमक हरामों के वोट नहीं चाहिए- गिरिराज :** गिरिराज सिंह ने आगे कहा, मैंने पूछा कि क्या नरेंद्र मोदी ने आपको गाली दी? उन्होंने कहा- नहीं। मैंने पूछा कि क्या मैंने आपको अपमानित किया? उन्होंने कहा- नहीं। इस पर मैंने कहा कि तो फिर मेरी गलती क्या थी? उन्होंने कहा, जो लोग उपकार को नहीं मानते, उन्हें 'नमक हराम' कहते हैं।

### गिरिराज सिंह ने क्या दिया था बयान



गिरिराज सिंह ने एक रैली में एक मौलवी के साथ अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा, मैंने मौलवी साहब से पूछा कि क्या उन्हें आयुष्मान कार्ड मिला? उन्होंने कहा- हां। मैंने पूछा कि क्या इसमें हिंदू-मुस्लिम का भेदभाव हुआ? उन्होंने कहा- नहीं। फिर मैंने पूछा कि क्या आपने मुझे वोट दिया? उन्होंने हां कहा, लेकिन जब मैंने खुदा की कसम खाने को कहा तो वो चुप हो गए। इसके बाद गिरिराज ने तीखा बयान दे दिया।
































दीपोत्सव पर्व
# दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...























## खबर संक्षेप

### शराबी ने स्वयं पर पेट में चाकू से किया हमला

**बिलासपुर।** नशे में एक शराबी ने घर के पास स्वयं अपने सीने व पेट में चाकू से हमला कर लिया। उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।कस्तूरबा नगर निवासी दुर्गेश सारथी ने बताया कि उनकी बहू मंजू सारथी ने फोन कर बताया उनका छोटा भाई मुकेश सारथी घर के पास खून से लथपथ पड़ा है। वह वहां जाकर देखे तो उनका भाई खून से लथपथ सड़क में पड़ा हुआ था और लोगों की भीड़ लगी हुई थी। लोगों ने बताया मुकेश ने अत्यधिक शराब पी है और स्वयं सीने व पेट में चाकू से हमला कर लिया है। उसके बाद उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जख्मी मुकेश कस्तूरबा नगर की एक किराना दुकान में काम करता है।

### काउंसलर भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन 29 से

**बिलासपुर।** क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और काउंसलर मनोरोग भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन 29 अक्टूबर से शुरू होगा। कुल 596 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से सूचना जारी की गई है। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के 12 पदों पर भर्ती होगी। जबकि काउंसलर मनोरोग के 2 पद हैं। इसके लिए इसी साल अप्रैल में विज्ञापन जारी किया गया था। अब दस्तावेज सत्यापन होगा। इसमें अनुपस्थित रहने वाले एवं अयोग्य पाए जाने पर अभ्यर्थियों को आगामी भर्ती संबंधी प्रक्रिया में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं मिलेगी। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के लिए डाक्यूमेंट्स वैरिफिकेशन 8 नवंबर तक और काउंसलर मनोरोग के लिए 6 नवंबर तक होगा।

### स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने आवेदन

**बिलासपुर।** जिले के हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा कराते प्रशिक्षण देने के लिए 30 अक्टूबर तक प्रशिक्षकों से आवेदन आमंत्रित है। प्रशिक्षकों को कराते, जुडो, ताईक्वांडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट में मान्यता प्राप्त संस्था से प्रमाण पत्र उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रशिक्षण की अवधि 30 दिवस की होगी एवं मानदेय प्रति विद्यालय 5 हजार रुपए दिया जाएगा। इच्छुक प्रशिक्षक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन व्यक्तिगत एवं संगठन के माध्यम से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा माध्यमिक, पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क्र 21 बिलासपुर में 30 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर प्रबंधन किसी भी तरह का विचार नहीं करेगा।

## प्लेटफार्म में दिखाई दिए एक दो यात्री, बाकी पूरा दिन रहा वीरान

# सफर का सिलसिला थमा, ट्रेनें चल रहीं खाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दीपावली के एक दिन पहले रविवार को छुट्टी होनें के बाद भी बिलासपुर आने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के बर्थ खाली-खाली रहे। वहीं पैसेंजर और लोकल ट्रेनों में आसपास छोटे स्टेशनों तक सफर करने वाले यात्रियों की भीड़ रही। लेट ट्रेनों के कारण सुबह से लेकर शाम तक पूरा स्टेशन प्लेटफार्म खाली रहा, जहां केवल एक दो यात्री ही ट्रेन का इंतजार करते हुए दिखाई दिए।

शनिवार को धनतेरस के साथ ही दीपावली का पर्व शुरु हो गया है। दीपावली का पर्व मनाने के लिए लोग बाहर आना-जाना काफी करते हैं। इसके कारण ट्रेनों में भी यात्रियों की काफी भीड़ रहती है। सबसे अधिक ट्रेनों में बर्थ की मारामारी दिल्ली, मुम्बई, पुणे, जम्मू, जयपुर, बेंगलुरु व अन्य मेट्रो स्टेशनों से आने वाली ट्रेनों में रहती है, जहां पढ़ाई करने और काम करने वाले लोग अपने-अपने घरों में दीपावली का पर्व मनाने के लिए वापस आते हैं। दीपावली के एक दिन पहले तक ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए आरपीएफ, जीआरपी की टीम विशेष रूप से मौजूद रहती है।

इसी तरह की स्थिति इस वर्ष भी रही। शनिवार तक यात्रियों को ट्रेन में पैर रखने की भी जगह नहीं मिल सकी। स्टेशन कर्मचारियों के अनुसार रेल के अफसरों का परिवार भी बर्थ कंफर्म नहीं होने के कारण पेंट्रीकार में बैठकर सफर किया है। वहीं एसी कोच में भी यात्रियों की भीड़ खचाखच रहने के कारण कंफर्म बर्थ वाले यात्री भी परेशान होते रह। रविवार को बिलासपुर आने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी तो बनी रही, इसके साथ ही एक्सप्रेस और सुपरफास्ट के एसी व स्लीपर कोच भी खाली रहे। इन ट्रेनों के अलावा दोपहर को गोंदिया से झारसुगुड़ा की ओर जाने वाली जेडी पैसेंजर, सुबह बिलासपुर से कटनी जाने वाली मेमू में आसपास छोटे स्टेशनों तक सफर करने वाले यात्रियों की भीड़ के कारण कई यात्रियों को कोच के दरवाजे पर बैठकर सफर करना पड़ा।

### स्टेशन प्लेटफार्म खाली

रविवार को ट्रेनों की लेट लतीफी के अलावा यात्रियों की भीड़ नहीं होने के करण जोनल रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म खाली रहा। सुबह से लेकर दोपहर शाम तक किसी भी ट्रेन में 9 से 10 की संख्या से अधिक लोग सफर करने के लिए स्टेशन नहीं पहुंचे। यात्रियों की संख्या कम होने के कारण स्टॉल संचालक और कर्मचारी भी आराम से बैठकर ग्राहक का इंतजार करते रहे।

### विलंब से चल रहीं ट्रेनें

सुबह 9 बजे आने वाली हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस दोपहर 2 बजे के बाद 6 घंटे लेट, दोपहर 2.15 बजे 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस शाम 7 बजे के बाद 5 घंटे लेट, शाम 5.45 बजे आने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर जंक्शन मेमु शाम 7.30 बजे के बाद 2 घंटे लेट, शाम 5.45 बजे आने वाली 68706 डोंगरगढ़-बिलासपुर मेमू रात 9 बजे के बाद 3 घंटे से अधिक, शाम 5.30 बजे आने वाली आरा-दुर्ग जंक्शन साउथ बिहार एक्सप्रेस रात 9 बजे के बाद साढ़े 3 घंटे से अधिक, शाम 7.10 बजे आने वाली 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी जंक्शन रात 10 बजे के बाद 4 घंटे, शाम 5.20 बजे आने वाली 22844 बिलासपुर-बक्सर देर रात 2 बजे के बाद 9 घंटे लेट, देर रात 1 बजे आने वाली 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस 3 बजे के बाद 2 घंटे लेंट, देर रात 1.15 बजे आने वाली 22512 कामख्या जंक्शन-मुम्बई एलटीटी दूसरे दिन सुबह 7 बजे के बाद 5 घंटे लेट से अधिक लेट पहुंची।

# बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में कवच से होगी ट्रेनों की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का महत्वपूर्ण नागपुर से रायपुर और बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन को कवच सुरक्षा तकनीक के दायरे में किया गया है, जिससे 614 रूट किलोमीटर में आटोमैटिक तकनीक के जरिए दो ट्रेनों के बीच आमने-सामने की टक्कर से बचाव सुनिश्चित होगी।

एसईसीआर के नागपुर सें झारसुगुड़ा के बीच रेलखंड में 614 रूट किलोमीटर के हाई डेंसिटी नेटवर्क पर कवच प्रणाली लागू करने के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 292 करोड़ रुपए है, जिसके लिए निविदा 25 नवंबर को ओपन की जाएगी। इस परियोजना में स्टेशन कवच उपकरणों की स्थापना, भवनों का निर्माण, टावर स्थापना, आप्टिकल फाइबर केबल बिछाने का प्रावधान आदि कार्य शामिल होंगे। इसके साथ ही लो डेंसिटी नेटवर्क के लिए 1563 रूट किलोमीटर क्षेत्र में कवच प्रणाली लागू करने विस्तृत इस्टीमेट को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। कवच प्रणाली रेलवे की उन्नत संरक्षा तकनीक है जो ट्रेन संचालन को संरक्षित और कुशल बनाने के लिए डिजाइन की गई है, जिसका उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना और रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। रेलवे ने चलती हुई ट्रेनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कवच नामक एक स्वचलित ट्रेन सुरक्षा यानि आटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली विकसित की है। यह पूर्ण रूप से स्वदेशी तकनीक है और ट्रेनों के संचालन की हर पल निगरानी करती है। यह प्रणाली सिग्नल एवं स्पीड से संबंधित दुर्घटनाओं को रोकने में पूर्णतया सक्षम है। अफसरों के अनुसार इस प्रणाली में पूरे सेक्शन में विश्वसनीय वायरलेस कम्यूनिकेशन स्थापित किया जाता है। सभी स्टेशन और सभी इंजनों में डिवाइस लगाया जाता है, जिससे ट्रेन का इंजन संपूर्ण ट्रैक में लगे हुए रेडियो फ्रिक्वेंसी टैग से ट्रैक व सिग्नल से संबंधित विवरण प्राप्त करता है। इंजन में स्थित डिवाइस लोको यूनिट स्टेशन के इंटरलाकिंग सिस्टम, सिग्नल के निर्देश और समपार फाटकों से विवरण लेती और कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के निर्देशानुसार ट्रेन का संचालन सुरक्षित गति से करती है।

■ आटो सिग्नलिंग से दो ट्रेन के बीच आमने सामने की टक्कर से होगा बचाव

### आमने-सामने नहीं होगी टक्कर

कवच प्रणाली द्वारा आटोमैटिक तकनीक के जरिए अब दो गाड़ियों के बीच आमने-सामने से टक्कर नहीं होगी। खास बात है कि इस तकनीक को देश में तैयार किया गया है। रेल मंत्रालय ने मार्च 2022 में कवच सुरक्षा तकनीक का सफल जीवंत परीक्षण दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में लिंगमपल्ली-विकराबाद खंड पर गुल्लागुडा-चिटगिड्डा रेलवे स्टेशन के बीच किया था। दक्षिण पूर्व मध्य में रेलवे यात्रियों और कर्मचारियों की संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना को लागू करने का काम शुरु कर दिया है।

# झालर लगाते समय इलेक्ट्रीशियन की मौत मुआवजा के लिए लोगों ने 2 घंटे दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक मकान में झालर लगाते समय इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई, इससे नाराज लोगों ने मकान मालिक के घर के पास मुआवजा राशि की मांग को लेकर 2 घण्टे धरना प्रर्दशन किया। सहायता राशि दिए जाने के बाद धरना समाप्त हुआ है।

कोनी पुलिस के अनुसार, कोनी निवासी विजय जोशी इलेक्ट्रीशियन का काम करते थे। 18 अक्टूबर को वे कोनी निवासी किराना दुकान संचालक सूरज गढ़ेवाल के घर में झालर लगा रहे थे। इसी दौरान करंट लगने से उनकी मौत हो गई। 19 अक्टूबर को बड़ी संख्या में मृतक के समाज के लोग मकान मालिक के घर के पास धरना देकर मृतक के परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजा की मांग कर नारेबाजी करने लगे। सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी व कोनी के वरिष्ठ लोगों ने मिलकर मृतक के परिवार व मकान मालिक के बीच समझौता कराया। 2 घण्टे धरना प्रर्दशन के बाद मकान मालिक के द्वारा तत्काल 20 हजार रुपए सहायता राशि व मृतक की लड़कियों की शादी में सहयोग करने का एग्रीमेंट किया गया। उसके बाद धरना प्रर्दशन समाप्त हुआ है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### सूने मकान से टीवी, गैस सिलेंडर, नकद ले उड़े चोर



**बिलासपुर।** चोरों ने सिविल लाइन क्षेत्र में चपरासी के सूने मकान में धावा बोलकर 1 लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जिला सहकारी कापरेटिव बैंक शिवरीनारायण ब्रांच में पदस्थ चपरासी अभिनव सिंह ठाकुर जेपी विहार कालोनी में किराए के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। 12 अक्टूबर को उनके घरवाले पंडरिया चले गए थे। 13 अक्टूबर को वे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर ड्यूटी में चले गए। 15 अक्टूबर की शाम नौकरानी ने उन्हें फोन कर बताई उनके घर में चोरी हो गई है। शिवरीनारायण से वे वापस आए, उन्होंने देखा तो घर से स्मार्ट टीवी, दो गैस सिलेण्डर, बर्तन व 3 हजार नकद सहित 1 लाख का सामान चोरी हो गया था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

# निकायों में अब टैक्स कलेक्शन की होगी मानिटरिंग, जीआईएस पोर्टल लान्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में अब टैक्स कलेक्शन की मॉनिटरिंग पूरी तरह ऑनलाइन की जाएगी। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने वर्ल्ड बैंक परियोजना के तहत जीआईएस आधारित पोर्टल https://cgurbanbans-gis.in शुरू किया है। इसके जरिए राज्यभर के नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में संपत्तिकर, जलकर और अन्य करों का भुगतान डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। विभाग ने आदेश जारी कर सभी निकायों को पोर्टल के माध्यम से कर संग्रहण अनिवार्य कर दिया है।

■ अब सभी निकायों को लेना होगा आनलाइन टैक्स

नए सिस्टम के तहत नागरिक अब अपने घर बैठे ऑनलाइन टैक्स भुगतान कर सकेंगे। साथ ही संपत्ति डेटा में संशोधन और अन्य प्रशासनिक कार्य भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किए जा सकेंगे। अधिकारियों और कर्मचारियों को लॉगिन आईडी और पासवर्ड भी उपलब्ध करा दिए गए हैं, जिससे टैक्स संग्रहण और नागरिक सेवाओं की निगरानी आसानी से की जा सके।

### टैक्स लिया जाएगा ऑनलाइन

विभाग ने स्पष्ट किया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 से सभी निकायों में संपत्तिकर, समेकितकर और जलकर का भुगतान पूर्णतः ऑनलाइन होगा। इसके लिए प्रत्येक निकाय को अपने स्तर पर सॉफ्टवेयर के माध्यम से कर संग्रहण और वसूली प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। इस डिजिटल पहल से न केवल नागरिकों को पारदर्शी और सुविधाजनक व्यवस्था मिलेगी, बल्कि शासन को वास्तविक समय में टैक्स कलेक्शन की निगरानी भी संभव होगी। विभाग का मानना है कि इस सिस्टम से टैक्स चोरी पर अंकुश लगेगा और नगरीय निकायों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# धनतेरस में जुआ खेलते पकड़े गए 120 जुआरी

**बिलासपुर।** जिले भर में धनतेरस पर्व में पुलिस ने जुआ खेलते 120 जुआरियों को पकड़कर उनसे 69 हजार 140 रुपए जब्त किया है। जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के थानेदारों को दीपावली पर्व में जुआ खेलने वाले जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है। धनतेरस पर्व में जुआ खेलते सिविल लाइन पुलिस ने 14 जुआरी से 14 हजार 170 रुपए, सरकण्डा पुलिस ने 6 जुआरियों से 15 हजार 280 रुपए, सिरगिट्टी ने 9 जुआरियों से 3 हजार 440 रुपए, सकरी ने 18 जुआरियों से 3 हजार 390 रुपए, पचपेड़ी ने 9 जुआरियों से 7 हजार 110 रुपए, बिल्हा ने 11 जुआरियों से 7 हजार 680 रुपए, सीपत ने 4 जुआरियों से 5400 रुपए, रतनपुर ने 5 जुआरियों से 1 हजार 170 रुपए, कोटा ने 5 जुआरियों से 1 हजार 420 रुपए, हिर्री ने 21 जुआरियों से 5 हजार 450 रुपए, चकरभाठा पुलिस ने 18 जुआरियों को पकड़कर 4 हजार 630 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

### नहीं पकड़े गए बड़े जुआरी

धनतेरस पर्व पर शहर के बाहर फार्महाउस, होटल, लॉज, धर्मशाला एवं सूने मकानों में रसूखदार जुआरी एकत्रित होकर मोटी रकम लगाकर जुआ खेलकर निकल गए और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। केवल छुटभैया जुआरियों को पकड़कर खानापूर्ति किया जा रहा है। दीपावली पर्व में भी रसूखदार बड़े पैमाने जुआ खेलने के लिए जगह चयन कर चुके है। देखने वाली बात यह है कि पुलिस रसूखदार जुआरियों तक पहुंच पाती है या नहीं।

चेहरे की चर्बी घटायें

चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

# शनिचरी में अवैध निर्माण दो को थमाया नोटिस

**बिलासपुर।** शनिचरी क्षेत्र में चबूतरों पर किए गए अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम ने दो लोगों विकास ठाकुर और श्यामलाल गुप्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इन दोनों ने सार्वजनिक चबूतरों पर अवैध रूप से कब्जा कर उन्हें दुकानों में तब्दील कर दिया है।

निगम अधिकारियों का कहना है कि उक्त निर्माण बिना अनुमति और नियमों के विरुद्ध किए गए हैं। फिलहाल नोटिस जारी कर दोनों पक्षों से जवाब मांगा गया है, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं आया है। निगम का कहना है कि निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने की स्थिति में नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। लोगों ने भी इस अवैध कब्जे पर आपत्ति जताई है। नागरिकों का कहना है कि चबूतरे को दुकानों में बदलना गलत है। नगर निगम का कहना है कि ऐसे मामलों में अब सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# फेस एप के जरिए अब घर बैठे होगी राशनकार्डों की ई-केवायसी

### एक साल से की जा रही केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीडीएस राशन कार्डधारी हितग्राही अब फेस एप के माध्यम से अपने घर में बैठकर ही ई-केवायसी करवा सकेंगे। शासन के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा यह काम पिछले एक साल से किया जा रहा है। अब तक जिले में 89 प्रतिशत लोगों ने केवायसी करवा लिया है, लेकिन 11 प्रतिशत कार्डधारी अब भी ऐसे हैं, जिन्होंने अपना केवायसी पूरा नहीं किया है।

■ 11 प्रतिशत लोगों ने अब भी नहीं कराया

पीडीएस अंतर्गत राशन दुकानों से खाद्यान्न लेने में रुचि रखने वालों एवं वास्तविक उपभोक्ताओं की पहचान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा राशन कार्डों का केवायसी करवाया जा रहा है। यह कार्य बीते एक वर्षों से चल रहा है। जिले में राशनकार्डों में दर्ज हितग्राहियों की कुल सदस्य संख्या 18 लाख 24 हजार 617 है, जिसके अंतर्गत 16 अक्टूबर तक की स्थिति में 16 लाख 15 हजार 299 हितग्राहियों ने अपना केवायसी अपडेट करवा लिया है। इसके विपरीत जिन सदस्यों द्वारा इस कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है, उनके लिए फेस एप लांच किया गया है, ताकि वे अपने घर से ही मोबाईल के जरिए अपना केवायसी अपडेट करवा सकें।

विभागीय सूत्रों के अनुसार वर्तमान में शेष बचे हितग्राही एपीएल श्रेणी के हो सकते हैं, जो आमतौर पर राशन दुकानों में खाद्यान्न लेने नहीं जाते हैं। इसीलिए इनके द्वारा राशन दुकानों में जाकर केवायसी अपडेट करने में भी दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि अब फेस एप के जरिए लोग घर बैठे अपना ई-केवायसी करवा सकेंगे।

### मोबाइल पर करा सकेंगे केवायसी

ऐसे हितग्राही जिन्होंने अब तक अपना केवायसी नहीं कराया है, वे अब अपने घरों पर ही मोबाईल में फेस एप के जरिए ई-केवायसी करवा सकेंगे।

-अमृत कुजूर,
खाद्य नियंत्रक

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
Happy Diwali
ENGINEERING MBA
PHARMACY LAW
COMMERCE & SCIENCE
SCHOOL
Campus : Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, Mob. : 9522220113, 9516606123

online Booking:-www.tripuryatra.com

कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- [+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411